दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली।। गुरुवार 09 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 209 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# शाह ने राहुल-अखिलेश को आड़े हाथों लिया

## कहा, जो भी भ्रष्टाचार करेगा, जेल जाएगा

**हरदोई।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान का एजेंडा आगे बढ़ाते हैं, इसीलिए पाकिस्तान राहुल गांधी की प्रशंसा करता है। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर दो शहजादे सत्ता में आ गए तो अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बाबरी ताला लगवा देंगे। भ्रष्टाचार पर सख्त रवैया दिखाते हुए अमित शाह ने कहा कि अखिलेश और राहुल को समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे। उन्होंने राहुल गांधी की सही जगह वायनाड और रायबरेली नहीं, बल्कि इटली बताई। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना को महान बताने वाले लोगों को इतिहास पढ़ना चाहिए।



शहर के लखनऊ चुंगी स्थित सीएसएन डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि सपा, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस व इनके समर्थक 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। यह इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन है। झारखंड के एक मंत्री के नौकर के यहां 20 करोड़ रुपए, ममता के मंत्री और कांग्रेस के सांसद के यहां से बड़े पैमाने पर नकदी बरामद होने का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी 23 साल मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहे, लेकिन 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप उन पर नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के राज में आलिया, मालिया, जमालिया (आतंकवादी) घुसपैठ करते थे, लेकिन मोदी के जमाने में भारत सर्जिकल स्ट्राइक करता है और घर में घुसकर मारता है। राहुल गांधी कहते हैं कि 370 वापस लाएंगे।

# भाजपा के मंडल में मच गया क्या आपसी घमासान

## भाजपा पार्षदों के वार्ड में मंडल अध्यक्ष ने चला दिया हस्ताक्षर अभियान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार भाजपा की, निगम भाजपा का, विधायक भाजपा के, मेयर भाजपा की और पार्षद भाजपा के। मंडल भाजपा का, वार्ड भाजपा के लेकिन यहां पर अतिक्रमण को लेकर सीन अतिक्रमण का बन गया है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने अपने मंडल क्षेत्र में आने वाले वार्डों में हो रहे अतिक्रमण को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला दिया है। बड़ी बात ये है कि भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने जीडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखा और उन्हें बताया कि यहां इन क्षेत्रों में अतिक्रमण हो रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है और उन्होंने कार्यवाही की मांग की। अपने पत्र में असमाजिक तत्वों का हलावा दिया और लोगों को हो रही परेशानी की बात बताई। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जिन वार्डों में कार्यवाही की मांग की है ये सभी वार्ड भाजपा के वार्ड हैं। इन सभी वार्डों में भाजपा के पार्षद हैं। अब चर्चा इन्दिरापुरम में इस बात को लेकर है कि अगर मंडल अध्यक्ष को लोगों ने अतिक्रमण की शिकायत की थी तो वो अतिक्रमण के लिए भाजपा पार्षदों को भी कह सकते थे। लेकिन मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी ने भाजपा पार्षदों से ना कहकर सीधे जीडीए वीसी को पत्र लिखा और अब बताते हैं कि मंडल अध्यक्ष के हस्ताक्षर अभियान को लेकर भाजपा में ही एक इंटरनल घमासान मच गया है।



### क्या पार्षद नहीं कर रहे हैं ठीक से काम

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम के भाजपा मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी ने जीडीए वीसी को पत्र लिखा। अपने पत्र में उन्होंने निगम के वार्ड का जिक्र किया। इन्दिरापुरम की ग्रीन बैल्ट में असमाजिक तत्वों के कब्जे की बात बताई। साप्ताहिक बाजारों में दुकानों के अतिक्रमण का मामला उठाया। अब चर्चा ये उठी कि क्या पार्षद ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। क्या पार्षदों ने अतिक्रमण को लेकर कुछ नहीं किया। अगर लोगों को परेशानी हो रही है तो लोग पार्षद के पास क्यों नहीं गये और मंडल अध्यक्ष को पत्र क्यों लिखना पड़ा। वहीं एक चर्चा ये भी है कि क्या ये इन्दिरापुरम भाजपा मंडल अध्यक्ष का पार्षदों के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण तो नहीं है।



### इन पार्षदों पर सितम तो इन पार्षदों पर क्यों रहा करम

**करंट क्राइम।** इन्दिरापुरम के भाजपा मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी ने अतिक्रमण का मामला उठाया। उन्होंने जीडीए वीसी को पत्र लिखा। लेकिन यहां पर सवाल ये खड़ा हो गया कि उन्होंने कुछ वार्डों को निशाने पर लिया और कुछ वार्डों को फ्री हैंड छोड़ दिया। सवाल क्षेत्र में है कि कुछ वार्डों पर सितम और कुछ वार्डों पर करम क्यों है। मंडल अध्यक्ष ने इन्दिरापुरम के सात वार्ड हैं जिनमें से उन्होंने कुछ वार्डों की शिकायत की लेकिन मंडल अध्यक्ष ने पार्षद संजय सिंह के वार्ड संख्या- 100, डॉ अनिल तोमर के वार्ड संख्या 98, प्रीति जैन के वार्ड संख्या 99 और राधेश्याम त्यागी के वार्ड संख्या 57 के वार्ड की कोई शिकायत नहीं की। क्या इन वार्डों में अतिक्रमण नहीं है या जिन समस्याओं का जिक्र उन्होंने दूसरे वार्डों में किया है उन समस्याओं का इन वार्डों में कहीं कुछ नहीं है।

# 5 लाख वोटों से लोकसभा चुनाव जीतेगी गाजियाबाद में भाजपा : दिनेश गोयल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा एमएलसी दिनेश गोयल ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद में भाजपा 5 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी। एमएलसी दिनेश गोयल ने जीत का दावा करते हुए जीत का आधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिशमाई व्यक्तित्व को बताया।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट दिया है। देश की जनता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर वोट दिया है। देश की जनता ने राष्ट्रवाद के नाम पर वोट दिया है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि मतदान का प्रतिशत गर्मी के कारण कम रहा है। लेकिन इससे जीत के आंकड़े पर असर नहीं पड़ेगा।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का असर इस चुनाव पर है। मतदाता ने एक ऐसी सरकार के लिए वोट किया है जिसने देश की जनता को सुरक्षा और विकास की सौगात दी है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि गाजियाबाद में भी जनता ने विपक्ष को नकारा है और उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम पर वोट दिये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा यहां 5 लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेगी। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि समाज के सभी वर्गों ने विकास और सुरक्षा के नाम पर वोट किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट किया है। राष्ट्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के समर्थन में एक बड़ी आबादी का समर्थन भाजपा को मिला है।

# क्या भगवागढ़ में बदल गया है समीकरण ऑफ लोकसभा इलेक्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव के बाद जीत के दावे हो रहे हैं और हर दल अपना दावा करता ही है। लेकिन भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद में अनुमान वाली हवा कुछ अजीब बह रही है। जो भाजपा 8 लाख से जीत के दावे के साथ शुरू हुई थी वो चुनाव प्रचार आते आते 6 लाख पर आ गई। लेकिन मतदान के बाद दावा बढ़ने के बजाय घट गया और लगातार नेताओं के आ रहे बता रहे हैं कि मतदान के बाद ऐसा क्या हुआ कि भाजपा ने अपना मार्जिन ही इंटरनल कैलकुलेशन में घटा दिया। 6 लाख से जीत का दावा करने वाली भाजपा मतदान के बाद 5 लाख पर आई। कोई 4 लाख पर आकर रूका और अब ये हाल है कि जीत के दावे तो हो रहे हैं लेकिन कैलकुलेशन में मार्जिन घट रहा है।

**भाजपा वालों ने क्यों घटा दिया मार्जिन इन इंटरनल कैलकुलेशन**

इलैक्शन अभी पूरा नहीं हुआ है अभी मतगणना होनी बाकी है अभी ईवीएम खुलने के बाद का कैलकुलेशन बाकी है लेकिन भाजपा नेताओं के गुणाभाग में वोट क्यों घट रहे हैं ये समझ नहीं आ रहा है। हालांकि इसकी एक बड़ी वजह कम मतदान भी है। भाजपा नेता अपना कैलकुलेशन लगाते हैं तो ये बताना नहीं भूलते कि मतदान का प्रतिशत कम रहा है।

### क्या नीला हाथी इस बार चला गया हाथ वालों की बस्ती में

**करंट क्राइम।** इलैक्शन के कैलकुलेशन में जहां फूल वालों का मार्जिन कम हो रहा है और यह मार्जिन कोई और नहीं वो खुद ही कम कर रहे हैं। अगर भाजपा नेताओं के बयान पर गौर करें तो वो 8 लाख से होते हुए अब 4 लाख पर आ गये हैं। वहीं चुनावी जानकार अपना कैलकुलेशन कर रहे हैं। उनका ये मानना है कि इस बार कहीं बसपा का हाथी अपने बस्तों से छिटक कर हाथ वालों की बस्ती में तो नहीं पहुंच गया। माना यही जा रहा है कि बसपा के बस्ते कई बूथों से गायब थे और नीले हाथी के बस्तें वाले वोट हाथ वालों के बस्ते पर पहुंच गये। एक अनुमान ये भी है कि बसपा का हाथी हाथ वालों के साथ हो गया है। यदि ऐसा हुआ है तो इसका असर वोट मार्जिन पर पड़ेगा। लेकिन ये कितना गया है ये मतगणना के बाद पता चलेगा।

### ठाकुरों की नाराजगी डालेगी कितना असर

करंट क्राइम। भाजपा इस लोकसभा सीट को एक बड़े मार्जिन से जीतती आई है।इस सीट को लेकर कहा जाता है कि यहां कमल का फूल चुनाव लड़ा है कमल का फूल चुनाव लड़वाता है, कमल का फूल ही चुनाव जीतता है। यहां बिरादरी और चेहरा असर नहीं डालता है। यहां टिकट सबसे बड़ा फैक्टर है लेकिन इस बार ठाकुर नाराजगी को भी एक फैक्टर माना जा रहा है। हालांकि ये फैक्टर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में चल रहा है लेकिन इस फैक्टर का कितना असर गाजियाबाद में हुआ है ये देखा जायेगा। यहां पर बसपा ने ठाकुर उम्मीदवार उतारा। ठाकुरों की नाराजगी कितनी कारगर रही है ये मतगणना के बाद पता चलेगा।

# जब हुई जीडीए के बाबुओं की तबादला लिस्ट जारी

## तब क्यों उठी आवाज तबादले के बाद भी जमे हैं एक अधिकारी

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीडीए में कई दिनों के बाद उन बाबूओं का तबादला हुआ जो लंबे समय से एक ही पद पर जमे हुए थे। अधिकारी बदल रहे थे लेकिन ये बाबू बदल रहे थे। बताते हैं कि नए साहब ने आमद दर्ज कराने के बाद जब तबादला सूची जारी की तो इस लिस्ट में वो नाम आ गये जिन्हें लेकर जीडीए में चर्चा का ट्विस्ट आ गये। ऐसे बाबूओं का तबादला हुआ जिनके बारे में यह कहा जाता है कि उनकी पकड़ साहब तक रहती है और साहब बदलेंगे लेकिन बाबू नहीं बदलेंगे। मगर तबादला हो गया। लेकिन कहानी में मोड़ तब आया जब जीडीए के बाबूओं का जिक्र भाजपा के व्हाट्सऐप ग्रुप पर शुरू हो गया। दैनिक करंट क्राइम ने जीडीए के बाबूओं के तबादले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। भाजपा के व्हाट्सऐप ग्रुप पर करंट क्राइम की खबर के हवाले से ही चर्चा शुरू हुई और जब ये खबर व्हाट्सऐप पर चली तो यहां पर जीडीए के एक अधिकारी का जिक्र आ गया। इन अधिकारी को लेकर भाजपा वालों ने अपने व्हाट्सऐप ग्रुप पर इनकी भी पॉवर के करंट का तार जानने की कोशिश की। यहां तक हुआ कि ये बताया गया कि इन अधिकारी का तबादला तो मार्च महीने में हो गया है और मार्च महीने में तबादला होने के बाद भी जीडीए में ही हैं। भाजपा वाले ये जानना चाह रहे थे कि आखिर इन अधिकारी के पास ऐसी कौन सी पॉवर है जो तबादला होने के एक महीने से अधिक का समय होने के बाद भी वो जीडीए में ही जमे हुए हैं।




### जब भाजपा वालों ने दिया कांग्रेस नेता की शिकायत का हवाला

करंट क्राइम। सरकार भाजपा वालों की है और दिक्कत ये है कि तकरार के बाद भी वो शिकायत नहीं कर सकते। हालांकि भाजपा के जीडीए बोर्ड सदस्य से लेकर भाजपा के पार्षद भाजपा के महानगर पदाधिकारियों से लेकर भाजपा के मंडल पदाधिकारी अक्सर अवैध निर्माण की शिकायतें करते हैं। बाबू, अभियन्ताओं की भी शिकायत करते हैं लेकिन जीडीए अधिकारियों को लेकर वो बैकफुट पर रहते हैं। कांग्रेस के साथ विरोध है लेकिन कांग्रेस वालों ने कब किसकी शिकायत की इसका पूरा ध्यान रखते हैं। भाजपा वालों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर जब बाबूओं के तबादले और अफसर के जमे रहने की चर्चा शुरू हुई तो यहां अजीब बात ये रही कि अपनी बात को कन्फर्म करने के लिए भाजपा वालों ने कांग्रेस नेता की शिकायत का हवाला दिया। उस पत्र को डाला तो कांग्रेस के अल्प संख्यक विभाग के पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा था और इस पत्र के जवाब में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 से पत्र आ गया था। जिसमें कहा गया था कि 19 मार्च को अधिकारी का तबादला हुआ है और इसके बाद की कार्यवाही रिपोर्ट मांगी गई थी। भाजपा के व्हाट्सऐप ग्रुप पर कांग्रेस नेता का शिकायती पत्र भी डाला गया।

# पुलिस कमिश्नरेट में 24 घंटे के भीतर चार हत्याएं, तीन केस का हुआ पर्दाफाश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मतदान होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्राइम का ग्राफ बढ़ गया है। बीते 24 घंटे के भीतर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन में मां-बेटे की हत्या की गई। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन में टीलामोड़ में एक पिता ने अपनी बेटी का गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। वहीं इंदिरापुरम में महिला की चाकू मारकर हत्या तीनों मामले बेहद सनसनीखेज रहे। हालांकि शाम होते-होते पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने इंदिरापुरम थानाक्षेत्र और लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में हुए हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। तो वहीं टीलामोड़ में बच्ची के शव मिलने के मामले में भी सुराग मिलना बताया जा रहा है।

**डीसीपी ग्रामीण की टीम ने 12 घंटे में खोला लोनी बॉर्डर का डबल मर्डर, तो इंदिरापुरम पुलिस ने खोला महिला हत्याकांड**

### लोनी बॉर्डर के दोहरे हत्याकांड का खुलासा, बड़े बेटे ने ही पैसे और प्रॉपर्टी के लालच में की थी मां और भाई की हत्या

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र की गुलाब वाटिका कॉलोनी में बुधवार सुबह मिले मां और बेटे की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। घर के बड़े बेटे ने ही देर रात दोनों की हत्या की थी। उसके बाद सुबह आकर पुलिस को गुमराह किया की किसी बदमाश ने लूट के दौरान वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक पैसे और संपत्ति के लिए दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।



**पुलिस की जांच शुरु से हर रही थी अपनों पर इशारा**

**करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के गुलाब वाटिका क्षेत्र में रहने वाले धर्मेंद्र ने बुधवार सुबह पुलिस को सूचना दी के दूसरी मंजिल पर रहने वाले उसकी मां यशोदा और भाई की हत्या कर दी गई है। धर्मेंद्र ने आशंका जताई थी की घर में रखे पैसे और जेवरात की लूट के दौरान यह हत्या की गई है। मंगलवार देर रात धर्मेंद्र जो तीसरी मंजिल पर अपने परिवार के साथ रहता है वह चारपाई का पाया लेकर आया और उसने अपनी मां पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। आवाज सुनकर उसका छोटा भाई जो मानसिक रूप से दिव्यांग है विजेंद्र 35 वर्ष को जाग गया तो उस पर भी इस चारपाई के पाय से वार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र के ऊपर डेढ़ लाख रुपए का कर्ज हो गया था जिसके लिए वह अपनी मां से पैसे मांग रहा था। सभी पैसों का हिसाब धर्मेंद्र की मां के पास ही रहता था साथ ही धर्मेंद्र को पता लगा था कि उसकी मां उसे प्रॉपर्टी में हिस्सा नहीं देने वाली है इसी को लेकर उसने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

### इंदिरापुरम में हुई महिला की हत्या का हुआ 24 घंटे में खुलासा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस ने विवाहित युवती की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या मंगलवार देर रात हुई थी। आरोपी मृतका की मां का पूर्व प्रेमी है। आरोपी के नोएडा से जेल जाने के बाद मृतका की मां के संबंध किसी और से हो गए थे। इसी को लेकर गुस्से में आरोपी ने चाकू चलाया था जिसमें युवती की मौत हो गई थी और उसका पति घायल है। थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के मकनपुर इलाके में मंगलवार देर रात ज्योति नाम की 18 वर्षीय युवती की चाकू लगने से मौत हो गई थी। वहीं युवती का पति ललतेश घायल हुआ था। हत्या करने वाले बुलंदशहर निवासी बॉबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बॉबी भी फिलहाल थाना इंदिरापुरम के मकनपुर में ही रह रहा था। पुलिस पूछताछ में पता चला है की ज्योति की मां चंपा देवी के बॉबी से पूर्व में संबंध थे। आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी और मारपीट के मामले में नोएडा से जेल जाने के बाद चंपा के संबंध अजय से हो गए थे। बॉबी जब जेल से छूट के आया तो इस बात का विरोध कर रहा था। इसी को लेकर कहासुनी भी चल रही थी। पुलिस ने बुधवार शाम को बॉबी को खोड़ा अंडर पास से गिरफ्तार किया। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया है कि मंगलवार की रात चंपा जब अपनी बेटी ज्योति और दामाद ललतेश और अजय के साथ साई मंदिर रोड पर जा रही थी। तभी बॉबी ने गुस्से में चाकू से चंपा पर वार किया था। लेकिन उसको बचाने आई ज्योति के सीने में चाकू लग गया। साथ ही ललतेश भी घायल हो गया। ज्योति की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार शाम को मुखबिर की सूचना पर बॉबी को खोड़ा अंडर पास से गिरफ्तार किया है।





### आठ माह की बच्ची का मिला शव, पिता पर हत्या का शक

गाजियाबाद, करंट क्राइम : फरुखनगर के कुरेशी मोहल्ले में एक 8 महीने की बच्ची का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस समय बच्ची की मौत हुई बच्ची की मां अपने मायके में थी। बच्ची के मामा का आरोप है की बच्ची का पिता बेटी होने से नाखुश था। इसी कारण गला दबा के मारा है। शहीद नगर के रहने वाले मोनीश कुरैशी ने बताया कि उसकी बहन मुशीर्दा की शादी करीब 9 साल पहले थाना टीला मोड़ के फारुख नगर के कुरेशी मोहल्ले में रहने वाले आसिफ कुरैशी से हुई थी। शादी के बाद आसिफ और मुशीर्दा के तीन बच्चे हुए। जिसमें पहले बेटा और उसके बाद दो बेटी है। मोनीश का आरोप है की बेटी होने से आसिफ नाखुश था और दोनों बेटियों को पीटा करता था। मोनीश के मुताबिक आसिफ की साइकिल के टायर के वॉल बनाने का काम है। मोनीश का आरोप है कि आसिफ ने अपनी पत्नी को चार दिन पहले इतना पीटा था की उसकी नाक की हड्डी टूट गई थी। जिसका इलाज करने के लिए वह मायके आई हुई थी। मंगलवार की शाम उन्हें सूचना मिली कि उनकी छोटी भांजी आयशा जिसकी उम्र 8 महीने हैं उसकी घर में मौत हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो घर पर सिर्फ उनकी भांजी का शव था बाकी लोग वहां से जा चुके थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के मुताबिक बच्ची की मौत की सूचना के बाद शव को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। साथ ही अन्य तरीके से भी जांच की जा रही है। जो भी इसमें दोषी होगा उसे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# शाह ने लखीमपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**लखीमपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें दोगे तो आरक्षण चला



जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही।

### सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ- शाह

उन्होंने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव हो गया है। मोदी 190 सीटें पार कर गए हैं। चौथे चरण में और मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। तीन करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का चुनाव है। चार लाख गरीबों को घर देना का चुनाव है। लोगों को समृद्धि बनाने का चुनाव है। शाह ने छोटी काशी, संकटा देवी मंदिर, देवकली मंदिर समेत अन्य मंदिरों को नमन किया। उन्होंने दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता सर्वेश वर्मा को श्रद्धांजलि दी।

### राहुल गांधी पर साधा निशाना

गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। अरे राहुल बाबा... आपकी नानी भी ऊपर से आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा। विपक्षी गठबंधन पर कहा कि इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है। इनके पास न नेता है, न नियत है और न नीति है। सिर्फ परिवारवाद है।

## विपक्ष के नेता पीएम पर नहीं अपने प्रत्याशी पर ध्यान दें : चिराग

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव के 4 जून को एनडीए सरकार की विदाई वाले बयान पर चिराग पासवान की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। चिराग पासवान ने कहा कि अगर इसको वह जाना कहते हैं तो वह बिल्कुल जाएंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जाएंगे। उन्होंने कहा कि जितना ध्यान विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री पर देते हैं, उतना ध्यान अगर अपने प्रत्याशी पर दे देते तो संभवतः उनकी जमानत बच जाती। उन्होंने कहा कि जितना समय ये लोग बेकार की बातों को मुद्दा बनाने में, जितना समय प्रधानमंत्री पर बिताते हैं, अगर उसका 10 परसेंट समय भी अपने गठबंधन के राष्ट्रीय नेता, बिहार और बिहारी को देते, तो शायद लोग उन पर थोड़ा विश्वास कर लेते। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के हर चरण में बिहार आए। अब 12 तारीख को फिर पटना आ रहे हैं। विपक्ष पर हमला तेज करते हुए उन्होंने कहा कि उनके गठबंधन के राष्ट्रीय नेता कहां है?

## पतारा में सीएम योगी की जनसभा, बोले- अल्पसंख्यक आरक्षण की बात..देश के खिलाफ साजिश

**कानपुर।** कानपुर में घाटमपुर के पतारा कस्बे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों को आरक्षण की बात देश के खिलाफ साजिश है। एक तरफ राम भक्त हैं, तो दूसरी ओर राम द्रोही। सनातन सत्य है। रामद्रोही की हमेशा हार होती है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि यह सत्ता में आए, तो माफिया को गले लगाएंगे। अल्पसंख्यकों को अधिकार देंगे, जो कांग्रेस कई बार कर चुकी है। रंगनाथ व सच्चर कमेटी गठित इसीलिए किया गया था। कांग्रेस ने हमे का विभाजन की राजनीति की है। इंडी के एक नेता भी ऐसा ही बोले हैं। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राम भक्त पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर कोई एक शब्द नहीं बोला, लेकिन माफिया के फातिया पढ़ने जरूर गए थे। कहा कि एक वोट नए भारत के दर्शन करा रहा है। महिलाएं



और सीमाएं सुरक्षित हैं। विकास के कार्य हो रहे हैं।

### गन्ने की गुंजाइश होती है, तो शुगर कॉम्पलेक्स बनाएंगे

घाटमपुर क्षेत्र को लेकर कहा कि यहां पहले तमंचे बनते थे। डिफेंस कॉरिडोर को लेकर कहा कि अब यहां तोप बनती हैं। जब पूरी दुनिया में गरजेंगी, तो कानपुर का भी नाम होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम यहां का सर्वे करा रहे हैं। गन्ने की गुंजाइश होती है, तो शुगर कॉम्पलेक्स बनाएंगे।

### पहले मतदान, बाद में जलपान का नारा दिया

कहा कि अब कांग्रेसी अपने नेताओं को कोसते हैं कि यदि उनके नेता पहले ही राम मंदिर बनवा देते। माफिया को ठिकाने लगा देते, तो ये दिन न देखने पड़ते। बार बार अकबरपुर का नाम लेने पर मजाकिया लहजे से कहा कि बार बार यह नाम लेने में भी संकोच होता है। मौजूद जन समुदाय से कहा कि गुलामी के निशान खत्म करने में सहयोगी वोट देकर बनें। अंत में पहले मतदान, बाद में जलपान का नारा दिया।

## न्यूज डायरी

### सैम पित्रोदा की नस्लीय टिप्पणी पर रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'अब मैं समझा राहुल गांधी अनाप-शनाप क्यों बोलते हैं'



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने सैम पित्रोदा के भारतीयों के ऊपर नस्लीय टिप्पणी पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा देश को नहीं समझते हैं। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पित्रोदा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार हैं। अब मैं समझ गया कि वे इस तरह अनाप-शनाप क्यों बोलते रहते हैं। ये हार की हताशा का परिणाम है। दरअसल, सैम पित्रोदा ने भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि उत्तर भारत के लोग तो गोरे जैसे नजर आते हैं, जबकि, पूर्वी भारत के लोग चाइनीज जैसे दिखते हैं। पित्रोदा ने अपने बयान में आगे कहा कि दक्षिण भारतीय लोग अफ्रीकी जैसे और पश्चिम भारत के लोग अरब के लोगों जैसे दिखते हैं। इसके बावजूद भारत जैसे विविधता वाले देश में सभी एक साथ रहते हैं।

### भाजपा से डरकर सीएम विजयन ने व्यस्त चुनावी गतिविधियों के बीच देश छोड़ा : कांग्रेस



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन तीन देशों के 19 दिवसीय निजी दौरे पर गए हैं। इसके दो दिन बाद बुधवार को विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने सीएम के दौरे पर प्रतिक्रिया दी है। वीडी सतीसन ने कहा, "ऐसा लगता है कि सीएम ने भाजपा के डर के कारण देश में व्यस्त चुनावी प्रचार को छोड़ दिया है। उन्होंने माकपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से भी जवाब मांगा है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनका परिवार तीन देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर हैं। वीडी सतीसन ने कहा, हमने 26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान ये बयान सुना कि 'अगर वामपंथ नहीं होगा, तो भारत नहीं होगा, इसलिए वामपंथ को वोट दें। उनके हैशटैग के साथ, हम यह जानना चाहते हैं कि विजयन भारत में वामपंथ के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं, फिर भी वह अन्य राज्यों, विशेषकर पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में चुनाव प्रचार के लिए क्यों नहीं गए? ऐसा प्रतीत होता है कि विजयन भाजपा से डरते हैं और इसलिए भाग गए। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक दिलचस्प बात यह है कि विजयन ने किसी अन्य नेता को प्रभार नहीं सौंपा है। इसके अलावा हर बुधवार को होने वाली साप्ताहिक कैबिनेट बैठक भी रद्द कर दी गई है। क्या विजयन को अपने किसी भी वरिष्ठ कैबिनेट सहयोगी पर भरोसा नहीं है? वह इस लंबी निजी यात्रा पर तब गए हैं जब राज्य कई कारणों से अपने सबसे खराब समय से गुजर रहा है।" उन्होंने माकपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से उनकी यात्रा पर स्पष्टीकरण देने को कहा। सीएम विजयन सोमवार को अपनी पत्नी कमला और पोते के साथ कोच्चि से रवाना हुए। उनकी बेटी वीणा विजयन और उनके पति राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास सोमवार को यूएई में विजयन के साथ शामिल हुए।

### यूपी के मरीजों को बड़ी राहत, मोबाइल पर मिलने लगी रिपोर्ट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में ब्लड टेस्ट की ऑनलाइन रिपोर्ट देने की पहल की गई है। प्रदेश के 75 सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इस सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो चुका है। अभी तक रोगियों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए भी अस्पताल जाना पड़ता था। अब मोबाइल पर पुष्टि हो जाएगी और वे जांच रिपोर्ट लेकर डाक्टर को भी एक दिन में दिखा सकेंगे। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल, लोकबंधु, सिविल अस्पताल, झलकारी बाई, रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल, ठाकुरगंज जिला अस्पताल और राम सागर मिश्रा अस्पताल में मरीजों को ऑनलाइन जांच रिपोर्ट दी जा रही है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश के 30 सरकारी अस्पतालों, सेंट्रल यूपी के सात और पश्चिमी यूपी के 31 सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और वाराणसी के चार-चार अस्पताल, अयोध्या और बस्ती के तीन-तीन, बलरामपुर, मऊ और बाराबंकी के दो-दो, आजमगढ़, बलिया, गोंडा, जौनपुर, कुशीनगर, भदोही, चंदौली, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और सीतापुर के एक-एक अस्पताल में ऑनलाइन जांच रिपोर्ट भेजने की शुरूआत हो चुकी है। इसी तरह सेंट्रल यूपी में कानपुर और महोबा के दो-दो, उन्नाव, उरई और मैनपुरी के एक-एक अस्पताल में यह सुविधा काम कर रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद और रामपुर के तीन-तीन, बरेली, इटावा, आगरा, फरुर्खाबाद, हाथरस, मुजफ्फरनगर, ललितपुर, मुरादाबाद के दो-दो और सीतापुर, अमरोहा, बदायूं, बिजनौर, कन्नौज, पीलीभीत, बुलंदशहर, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर के एक-एक अस्पताल में मोबाइल पर रिपोर्ट भेजने की सुविधा मरीजों को मिल रही है। इस संबंध में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा का कहना है सरकारी अस्पताल में लैब जांच की रिपोर्ट एसएमएस के जरिए मोबाइल पर उपलब्ध कराने की सुविधा से बहुत से मरीजों और उनके परिवारवालों को मदद मिलेगी। उनका समय बचेगा और दोबारा सिर्फ रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल में आकर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। अभी 75 ऐसे अस्पतालों में यह सुविधा प्रारंभ की गई है और हमारा प्रयास रहेगा की अन्य हॉस्पिटल में भी प्रारंभ की जाए। जब भी आप सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए जाते हैं और डाक्टर कोई जांच लिखते हैं तो खून का नमूना देने के लिए सरकारी लैब जाते हैं। यहां जैसे ही आप नमूना देंगे, आपका नाम व मोबाइल नंबर पंजीकृत कर लिया जाएगा। जांच रिपोर्ट तैयार होने पर आपको रिपोर्ट तैयार होने का मैसेज और फिर रिपोर्ट का लिंक भेजा जाएगा, जिसे आप अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दावा, ओडिशा की सभी 21 सीटें जीतेगी भाजपा

**भुवनेश्वर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी ओडिशा की सभी 21 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। केंद्रीय मंत्री ने आज राज्य के कालाहांडी और रायगड़ा जिलों में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कोरापुट और कालाहांडी लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को वोट देने की अपील की। भाजपा ने लोकसभा के लिए कालाहांडी से मालविका केसरी देव और कोरापुट से कालेराम मांझी को उम्मीदवार बनाया है। दोनों सीटों पर 13 मई को मतदान होगा।



राजनाथ सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि ओडिशा में इस बार स्थिति अलग है। पहले जब हम लोगों से पूछते थे कि ओडिशा में भाजपा कितनी सीटें जीतने वाली है तो वे आठ-दस सीट कहते थे। लेकिन आज वही सवाल करने पर ओडिशा की पूरी जनता कहती है कि भाजपा सभी 21 सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक के पास पक्का मकान, नल से जल, टॉयलेट की सुविधा, एलपीजी सिलिंडर होना चाहिए और आजादी के बाद से पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये सारी सुविधाएं दी हैं।

आप भाजपा की सरकार को चुनने वाले हैं और हम ओडिशा के भाइयों और बहनों को पांच साल में वे सारी सुविधाएं देंगे जो बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार के कारण उन्हें नहीं मिल पाया है। भाजपा नेता ने ओडिशा में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं करने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजद सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र पार्टी है जो अपने वादे पूरे करती है। बीजद और कांग्रेस ने जितने वादे किये थे, यदि उन्हें आंशिक रूप से भी पूरा किया होता तो ओडिशा गरीब नहीं, अमीर राज्य होता। उन्होंने मोदी सरकार की 10 साल उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि उसने भ्रष्टाचार समाप्त किया है, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया है, वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## आम आदमी पार्टी के नेता जस्सी खंगूड़ा की घर वापसी, दो साल बाद कांग्रेस में हुए शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। आप नेता जस्सी खंगूड़ा ने पार्टी का साथ छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। पंजाब कांग्रेस इंचार्ज देवेंद्र यादव की मौजूदगी में जस्सी खंगूड़ा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इस दौरान देवेंद्र यादव ने उनका पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि जस्सी खंगूड़ा पहले भी विधायक रह चुके हैं और कुछ निजी कारणों के चलते आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि, उन्होंने जिस तरह से कांग्रेस में वापसी की है, उससे पंजाब कांग्रेस को निश्चित तौर पर आगामी लोकसभा चुनावों में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के परिवार में जिस तरह से वृद्धि हो रही है, उससे सीधे तौर पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंजाब में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में इस बार कांग्रेस काफी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस में शामिल होने के बाद जस्सी खंगूड़ा ने कहा, साल 2022 में मैंने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। करीब 2 साल का मेरा कार्यकाल अच्छा नहीं रहा, जिसके बाद मैंने चिंतन किया तो मुझे समझ आया कि कांग्रेस ही मेरा असली परिवार है। आगामी लोकसभा चुनावों में लुधियाना की भी हवा बदलेंगे। कहा जा रहा है कि लुधियाना लोकसभा सीट से खंगूड़ा आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। हालांकि पार्टी ने यहां से मौजूदा विधायक अशोक पराशर पप्पी को टिकट दे दिया, जिसके चलते वह पार्टी से नाराज थे। बता दें कि जस्सी खंगूड़ा ने साल 2007 से पहली बार किला रायपुर विधानसभा हल्के से चुनाव लड़कर जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2017 का चुनाव वह हार गए और फिर 2022 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। इसके बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया।

## कांग्रेस ने 'फूट डालो राज करो' की राजनीति की, इंडी अलाइंस भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा : जेपी नड्डा

**मंडी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनीतिक दलों के नेता इन दिनों तूफानी दौरे पर हैं। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के सांगली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में फूट डालो राज करो और जाति-धर्म की राजनीति की है। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के साथ तुष्टीकरण की भी राजनीति की और अब कांग्रेस के सैम पित्रोदा ने चमड़ी के आधार पर भारत को बांट दिया। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने देश में विकासवाद की राजनीति की। नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में देश की राजनीति की संस्कृति बदल डाली है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पिछलग्गू नहीं, बल्कि आगे दौड़ने वाला देश बन गया। देश में डेढ़ लाख किलोमीटर नेशनल हाईवे और 56 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक बन चुके



हैं। मंडी तक सिर्फ रेल ही नहीं, बल्कि हवाई जहाज भी आएगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार केंद्र से आने वाली हर मदद के रास्ते में रोड़ा अटकाने का काम करती है। हिमाचल सरकार को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि आपदा में केंद्र से सहायता मिलने के बावजूद सरकार ने भेदभाव किया। प्रदेश में बैक गियर की सरकार चल रही है। कांग्रेस सरकार तीन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकारने से डर रही है। सूबे की सरकार ने 'अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा' की कहावत चरितार्थ कर दी है। इंडी अलायंस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन में सम्मिलित पार्टियां परिवारवाद से ग्रसित और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। एक तरफ पीएम मोदी लालकिले से भ्रष्टाचार मिटाने की बात कहते हैं, वहीं दूसरी ओर इंडी अलायंस के नेता भ्रष्टाचारियों को बचाने की बाते करते हैं। सभी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। इंडी अलाइंस सारा का सारा भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है, इनके कुछ नेता जेल में तो कुछ बेल पर हैं।

## भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल के बारे में झूठ फैलाने में जुटी : प्रियंका गांधी

**बछरावां।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को रायबरेली के बछरावां में राहुल गांधी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के बारे में झूठ फैलाने में जुटी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा आम जनता को गुमराह करने में जुटी है। इनके राज में महंगाई बढ़ी है। हमारी सरकार आने पर आशा वर्कर्स से लेकर मनरेगा के कर्मचारियों के वेतन को दोगुना किया जायेगा। चुनाव के पहले 200 रुपए सिलेंडर का दाम घटा करके यह लोग लॉलीपॉप दे रहे हैं। हमारी मां ने राहुल गांधी को आपके पास भेजा है। अब रायबरेली को 2 सांसद मिलने वाले हैं। राहुल को जिताइए, वो तो आपके सांसद होंगे ही। मैं भी यहां के लिए काम करूंगी। मैं आपके साथ रहूंगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के उम्मीदवार जगह-जगह जाकर कहते हैं कि हमें वोट देंगे, तो संविधान



बदल देंगे। ये लोग अब संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। अब जब पीएम मोदी को लगा कि बात उलटी हो रही है, तब वह अपना बयान बदलने लगे। यहां के लोग नेताओं को अच्छी तरह समझते हैं। जब उन्हें इंदिरा जी (इंदिरा गांधी) की कोई नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने उन्हें भी हरा दिया। इंदिरा जी गुस्सा नहीं हुईं बल्कि आत्ममंथन किया। आपने उन्हें दोबारा चुना। यह रायबरेली के लोगों की खासियत है कि वे नेताओं को समझते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी होनी चाहिए। पेंशन स्कीम खत्म कर दी। पहले मैं देखती थी कि सुबह-सुबह युवा दौड़ लगाते थे। कसरत करते थे। सेना में जाने के लिए उनमें उत्साह दिखाई देता था, लेकिन अब नहीं दिखाई देता। क्योंकि मोदी सरकार ने चार साल की अग्निवीर योजना ला दी। चार साल के लिए कौन नौकरी करेगा? कांग्रेस ने जहां-जहां सरकार बनाई, इस तरह की समस्याओं को दूर किया। किसानों के लिए काम किया।

## नगरपालिकाओं के चयनित सदस्यों को लोक सेवक या उनके राजनीतिक आका मनमाने तरीके से नहीं हटा सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नगरपालिकाओं के चयनित सदस्यों को लोक सेवकों या उनके राजनीतिक आकाओं की मर्जी से सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जा सकता कि तंत्र को उनसे परेशानी हो रही है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि नगरपालिका बिल्कुल जमीनी स्तर के लोकतंत्र की इकाई है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि किसी नगरपालिका के चयनित सदस्य अपने रोजमर्रा के काम में समुचित सम्मान और स्वायत्तता के हकदार हैं। खंडपीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल थे।

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के तत्कालीन शहरी विकास मंत्री के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें उन्होंने नगरपालिकाओं के पार्षदों/पदाधिकारियों को हटा दिया था। उसने कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण,



अन्यायपूर्ण और अप्रासंगिक अवधारणाओं पर आधारित बताया।

एक याचिकाकर्ता पर महाराष्ट्र नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं औद्योगिक नगरी अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के उल्लंघन और अनुमति से ज्यादा घरों के निर्माण का आरोप लगाया गया था। कलेक्टर की जांच में आरोप सही पाये गये और आरोपी को कारण बताओ नोटिस भेजा गया। कारण बताओ नोटिस की प्रक्रिया लंबित रहते हुए प्रभारी मंत्री ने दिसंबर 2015 में स्वयं संज्ञान लेते हुए याचिकाकर्ता मार्केंड उर्फ नंदू को उस्मानाबाद नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष पद से हटाने का आदेश पारित दिया था। साथ ही उन्हें छह साल तक चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इसी प्रकार, नालदुर्गा नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष को पद से हटाकर छह साल तक चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया। उनके खिलाफ सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी की अनदेखी कर कूड़ा उठाने और उसके निष्पादन का ठेका किसी दूसरी कंपनी को देने की शिकायत की गई थी। इससे पहले 2016 में बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने सरकार द्वारा पार्षदों को अयोग्य घोषित किये जाने के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि दोनों मामलों में की गई कार्रवाई और चुनाव लड़ने पर छह साल का प्रतिबंध उनके कथित कदाचार के अनुपात काफी अधिक है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जिस प्रकार कलेक्टर के पास कारण बताओ नोटिस के चरण में लंबित रहने के बावजूद मामला राज्य सरकार के पास स्वतः संज्ञान के जरिये स्थानांतरित कर दिया गया और प्रभारी मंत्री ने जल्दबाजी में हटाने का आदेश पारित कर दिया, यह हमारे लिए इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी है कि कार्रवाई पक्षपातपूर्ण, अन्यायपूर्ण और अप्रासंगिक अवधारणाओं पर आधारित है।

## होशियारपुर से बसपा उम्मीदवार राकेश सोमन आम आदमी पार्टी में शामिल

**चंडीगढ़।** होशियारपुर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार राकेश सोमन बुधवार को पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। वह चंडीगढ़ में सीएम भगवंत मान की मौजूदगी में 'आप' में शामिल हुए।

होशियारपुर सीट (सुरक्षित) का प्रतिनिधित्व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश कर रहे हैं। भाजपा ने इस सीट से उनकी पत्नी अनीता सोम प्रकाश को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने यामिनी गोमर को, आप ने कांग्रेस से आए राज कुमार चब्बेवाल को उम्मीदवार बनाया है और शिरोमणि अकाली दल ने पूर्व मंत्री सोहन सिंह टी. को टिकट दिया है।

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ तीन साल पुराना रिश्ता तोड़ने के बाद बसपा ने पहले ही पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर दी थी।

## आपदा प्रबंधन में मजबूत वर्कफोर्स तैयार करेगा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** यूपी में आपदा प्रबंधन के डाटा एनालिसिस को लेकर एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार करने की कवायद हो रही है। लखनऊ स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में राहत आयुक्त कार्यालय के सहयोग से एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स कोर्स की शुरूआत की गई है। इसका शुभारंभ यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने किया। यह कोर्स ट्रिपल आईटी द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें छात्रों को डाटा एनालिसिस के लिए डाटा राहत आयुक्त कार्यालय से कैंपस में निर्मित क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) से प्रदान किया जाएगा।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सागर को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी
सुनील पुत्र जब्बर निवासी ग्राम सुराना तहसील मोदीनगर थाना मुरादनगर जिला गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 09 मई -2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# मंदिर अतिक्रमण ध्वस्तीकरण विवाद में विहिप और बजरंग दल ने नगर निगम को लिया निशाने पर

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का आरोप नगर निगम ने तोड़े एक साल में 12 मंदिर

## नगर निगम ने रखा अपना पक्ष, उच्च न्यायालय के आदेश पर हटाया था मार्ग पर हुआ अतिक्रमण

### गाजियाबाद 10 मई को होगा नगर निगम मुख्यालय पर घेराव व प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल गाजियाबाद महानगर ने बुधवार को नवयुग मार्केट के एक होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में विश्व हिंदू परिषद गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने सीधे तौर पर नगर आयुक्त और महापौर पर हिंदू समाज के मंदिरों और धर्म स्थलों पर अतिक्रमण के नाम पर तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि नगर निगम ने 1 साल में 12 मंदिर तोड़े हैं, जो कहीं से भी उचित नहीं है। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शुक्रवार 10 मई को नगर निगम मुख्यालय के घेराव और वहां विशाल धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। आलोक गर्ग ने कहा है कि एक साल में नगर निगम 12 मंदिर तोड़ चुका है। इसकी लिस्ट भी उन्होंने पत्रकारों को मुहैया कराई है। साथ ही हिंदूवादी संगठनों को इस पूरे आंदोलन में आमंत्रित भी किया गया है। वहीं आलोक गर्ग ने दावा किया है कि गुरुवार को होने वाला नगर निगम पर यह घेराव अब तक का सबसे विशाल और संख्या बल वाला प्रदर्शन रहेगा।

**हिंदू संगठन का आरोप इन मंदिरों पर की गई कार्रवाई –** करंट क्राइम : विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने आरोप लगाया है कि जो 12 मंदिर अभी तक नगर निगम द्वारा बीते 1 साल में तोड़े गए हैं। उसमें बिहारीपुरा विजयनगर, सिद्वार्थ विहार का बागू, जे ब्लॉक प्रताप विहार अंडर पास, जल निगम प्रताप विहार, नंदग्राम के ई ब्लॉक के पार्क के अंदर का मंदिर, हिमालय तनिष्क सोसायटी का बालाजी मंदिर, राज नगर एक्सटेंशन चार्म्स कैथल सोसायटी का शिव मंदिर, विवेकानंद नगर डबल स्टोरी का मंदिर, अर्थला में शिव मंदिर और रेलवे लाइन के निकट कवि नगर का मंदिर है। जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण का नाम लेते हुए क्षतिग्रस्त किया है और यहां तोड़फोड़ की गई है।

### हिंदूवादी संगठन कर रहे हैं बड़े आंदोलन की तैयारी




करंट क्राइम : सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल गाजियाबाद महानगर खुलकर सामने आया है। तो वहीं कई और हिंदूवादी संगठनों को भी इसमें आमंत्रित करने का काम किया जा रहा है। वहीं इस पूरे मामले में आम लोगों को भी इस आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए आमंत्रित करने के लिए तैयारी की गई है। बताया जा रहा है कि 10 मई को सुबह करीब 9 :30 से नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट पर विशाल धरना- प्रदर्शन एवं घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।


नगर निगम की ओर से जारी तस्वीर

### अधिकारियों ने कहा मंदिर नहीं पुजारी के कमरे पर की गई कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार की सुबह विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की सामूहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। तो उसके कुछ घंटे बाद ही नगर निगम के अधिकारियों ने निगम मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस बुलाई और पत्रकारों को बताया कि विवेकानंद नगर डबल स्टोरी के रास्ते में अवैध रूप से किए गए अवैध निर्माण से कब्जा हटाया गया था। यह मंदिर नहीं, यह पुजारी मनीराम शर्मा द्वारा यहां अतिक्रमण किया गया हिस्सा था। इस मामले में शिकायतकर्ता मयंक शर्मा निवासी विवेकानंद नगर हैं। जिस मामले का संज्ञान लेकर निगम-पुलिस ने यह कार्रवाई की, वह उच्च न्यायालय का निर्देश है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार का कहना है कि विवेकानंद नगर सोसाइटी का जो नक्शा निगम के पास है, उसमें भी इसकी उपयुक्त जानकारी नहीं है कि मंदिर का निर्माण कब हुआ था। बताया जा रहा है कि इस मामले में अप्रैल 2023 से लगातार आईजीआरएस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जा रही थी। मामला कोर्ट में भी चल रहा था। अब इस मामले में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को 4 जुलाई को कोर्ट में जवाब देना है, उससे पहले नगर निगम ने यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

**कोर्ट की अवमानना का आया था आदेश –** करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में 11 जनवरी 2024 को मनीराम शर्मा को 7 दिन का समय देते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। रिट याचिका पर अतिक्रमण हटाए जाने की दशा में उच्च न्यायालय ने अवमानना का आदेश 15 मार्च को पारित किया था। जिसके बाद नगर निगम ने यह अतिक्रमण हटाने का काम किया है। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों ने अतिक्रमण की कार्रवाई के फोटो और यहां पर अतिक्रमण हटाया गया। वहां का नक्शा भी साझा किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य मुख्य अभियंता एनके चौधरी निर्माण विभाग, डॉ. अनुज उद्यान अधिकारी और डॉ. मिथिलेश स्वास्थ्य अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वैसे इस प्रेसवार्ता में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को आना था लेकिन वह विभागीय मीटिंग में व्यस्तता और देरी होने की वजह से शामिल नहीं हो सके।

### अधिकारियों ने कहा मंदिर नहीं, रास्ते से हटाया गया है अतिक्रमण



करंट क्राइम : हिंदूवादी संगठनों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को सवालों के घेरे में लाया गया, तो अधिकारी कह रहे हैं कि उन्होंने मंदिर पर किसी प्रकार के अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं की है। यह निर्माण विवेकानंद नगर डबल स्टोरी के रास्ते यानी कम्युनिटी सेंटर पर अतिक्रमण था। यहां पुजारी मनीराम शर्मा ने एक कमरा और सीढी वह ऊपर का रास्ता बना लिया था, जिस पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि शनिवार को जब यह करवाई नगर निगम और पुलिस की टीमों की मौजूदगी में हुई, तो भी लोगों ने भारी विरोध और रोष प्रकट किया था।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आंदोलन की चेतावनी के बाद पुलिस कमिश्नरेट अलर्ट

### बड़ी संख्या में शुक्रवार को रहेगी नगर निगम मुख्यालय पर पुलिस की तैनाती




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा 10 मई को नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट पर विशाल धरना-प्रदर्शन एवं विरोध कार्यक्रम की चेतावनी के बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जानकारी मिली है की डीसीपी सिटी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को नगर निगम की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए जाएंगे का काम शुरु हो गया है। इसके साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल को भी यहां लगाया जाएगा। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल चुनावी ड्यूटी पर बाहर गया हुआ है पर यहां कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना हो इसके लिए खुफिया विभाग को भी अलर्ट किया गया है। इसके साथ ही जानकारी यह है कि कई विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले में हिंदूवादी संगठनों से अंदर ही अंदर बातचीत का रास्ता निकालने में जुटे हुए बताए जा रहे हैं।

नगर निगम पर घेराव और प्रदर्शन की जानकारी मिली है। इसको लेकर घंटाघर कोतवाली, सिहानी गेट के साथ ही सिटी जोन के अन्य एसीपी और थाना प्रभारियों को ड्यूटी में शामिल किया जाएगा। साथ ही किसी प्रकार की स्थिति ना बिगड़े इसके लिए लोकल इनपुट भी जुटा जा रहा है। पूरे मामले में नगर निगम के अधिकारियों और हिंदूवादी संगठनों से भी संपर्क किया गया है। उधर नगर निगम के अधिकारी भी निगम मुख्यालय की सुरक्षा और विरोध प्रदर्शन के चलते निजी सुरक्षा कर्मियों और अतिक्रमण दस्ता संभालने वाले जवानों को भी तैनात कर सकता है।


–कुंवर ज्ञानंजय सिंह, डीसीपी सिटी जोन

## हाथ वालों की फौज बैठी ईवीएम की निगरानी में


गोविंदपुरम अनाज मंडी में कांग्रेस नेता और पदाधिकारी दे रहे हैं सुरक्षा वाली ड्यूटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हाथ वाली पार्टी इस बार गाजियाबाद के लोकसभा चुनाव को लेकर जिस कॉन्फिडेंस में है, उसका नजारा अब गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में भी नजर आ रहा है। बीते दिनों दैनिक करंट क्राइम ने गंठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा के पिता नरेंद्र भारद्वाज की ईवीएम सुरक्षा व स्ट्रांग रूम निगरानी वाली खबर प्रकाशित की थी। तो वहीं अब दूसरी तस्वीर भी सामने आई है। जिसमें कांग्रेस के अलग-अलग नेता धौलाना से लेकर हापुड़ और गाजियाबाद की गोविंदपुरम मंडी में लगातार कांग्रेस नेताओं के साथ ड्यूटी दे रहे हैं। ड्यूटी देने का मकसद ईवीएम की सुरक्षा करना बताया जा रहा है। बता दें कि गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव में गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में डॉली शर्मा ने चुनाव लड़ा है। उनका शोर भी हर विधानसभा में बताया जा रहा है। वहीं चुनाव के दौरान ही उन्होंने चुनाव आयोग से सत्ताधारी दल और स्थानीय प्रशासनिका अधिकारियों पर पक्षपात के गंभीर आरोप भी लगाए थे। वहीं चुनाव आयोग को शिकायत भी की थी।

**नरेंद्र भारद्वाज से लेकर विजय चौधरी तक दे रहे हैं ईवीएम सुरक्षा की ड्यूटी** - करंट क्राइम : गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा के पिता व पूर्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज लगातार अनाज मंडी गोविंदपुरम की ईवीएम व स्ट्रांग रूप के सामने जमे रहते हैं।

तो वहीं किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे इसके लिए रात को भी ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं। जिसके लिए इंद्रपाल प्रधान, अमित यादव और लक्ष्मण सिंह हैं। तो वहीं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसमें गाजियाबाद, साहिबाबाद, मुरादनगर, लोनी जिसकी ईवीएम गोविंदपुरम अनाज मंडी के स्ट्रांग रूम में है, जबकि धौलाना विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम हापुड़ जनपद मुख्यालय की नवीन मंडी स्ट्रांग रूम में हैं। वहां पर भी कांग्रेस के नेताओं और हापुड़ वाले कांग्रेसी नेता निगरानी रखने का काम कर रहे हैं।

### विजय चौधरी से लेकर मनोज भारद्वाज दे रहे हैं ड्यूटी

करंट क्राइम : डॉली शर्मा गठबंधन की प्रत्याशी हैं। उनको सत्ताधारी दल और प्रशासन से डर है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार ईवीएम की सुरक्षा में ड्यूटी दे रहे हैं। गाजियाबाद के महा नगर अध्यक्ष विजय चौधरी, मनोज भारद्वाज पिलखुवा के संजय शर्मा गुड्डू, धौलाना के दीपक शर्मा, हापुड़ के अरविंद शर्मा, अंशुल सिंह, वासुदेव शर्मा और खुद नरेंद्र भारद्वाज व विजय चौधरी कई-कई बार स्ट्रांग रूट रूम ड्यूटी और ईवीएम की सुरक्षा का हाल जान रहे हैं।

# विपक्ष के पांच पार्षदों का दावा, पांच वार्ड में पड़े 39,900 वोटों में 26,600 मत मिलेंगे डॉली शर्मा को

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान हो गया है। मतदान के बाद विपक्ष के अब पांचों पार्षदों का दावा है, कि उनके वॉर्ड में पड़े कुल 39,900 वोटों में से लगभग 26,600 वोट सीधे-सीधे गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा के खाते में जाएंगे। अलग-अलग बूथ और वार्ड से लेकर विधानसभा में वोटों के प्रतिशत और किसको कितना वोट मिला, इसका आंकलन किया। जिसमें दैनिक करंट क्राइम ने गठबंधन प्रत्याशी के बारे में पांच अलग-अलग पार्षदों के वार्ड का हाल जाना है। वार्ड-43 में कड़कड़ मॉडल गांव, वार्ड-34 शहीद नगर दो, वार्ड- 66 मौसम बिहार, वार्ड- 63 वसुंधरा गांव आता है। इनकी पड़ताल की है। साहिबाबाद के इन सभी वार्ड के इलाकों में कुल 39,900 वोट डाले गए हैं। सभी पार्षदों का दावा है कि लगभग 26,600 वोट सीधे- सीधे गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा के खाते में आएंगे। वहीं विपक्ष वाले सभी पार्षद डॉली शर्मा के पक्ष में हुए मतदान को उनकी जीत का आधार बता रहे हैं। प्रस्तुत है दैनिक करंट क्राइम की पड़ताल।

**सभी पार्षदों का दावा है कि गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा की ही होगी जीत**

### वार्ड-34 में पड़े 10,500 वोट में से डॉली को मिलेंगे 8000 वोट : खुर्शीदा बेगम



(करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी की पार्षद खुशीर्दा बेगम ने कहा वार्ड-34 में शहीद नगर प्रथम, ए-ब्लॉक, सी- ब्लॉक ,जी- ब्लॉक, भूसा मंडी, गौतम विहार, जीडीए मार्केट आदि का क्षेत्र आता है। उन्होंने जानकारी दी है कि उनके वार्ड में लगभग 22,000 वोटर्स हैं। 26 अप्रैल को मतदान के दौरान कुल10,500 डाले गए हैं। जिसमें सीधे तौर पर गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा के खाते में करीब 8000 वोट आएंगे।




### वार्ड-43 में पड़े 2100 वोट, डॉली के आते में में आएंगे 600 मत : जोगिंदर उपाध्याय



(करंट क्राइम)। निर्दलीय पार्षद जोगिंदर उपाध्याय के वार्ड- 43 में कड़कड़ मॉडल गांव व औद्योगिक क्षेत्र का इलाका आता है। उनके वार्ड में कुल 6890 मतदाता हैं। 26 अप्रैल के दिन लगभग 2100 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला। पार्षद जोगिंदर उपाध्याय का कहना है कि उनके वार्ड में गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को लगभग 600 के आसपास वोट मिलने चाहिए।

### वार्ड-66 में पड़े 8500 वोट, डॉली शर्मा को 6500 मिलेंगे : मुस्तकीम चौधरी



(करंट क्राइम)। वार्ड-66 से आप पार्टी के पार्षद मुस्तकीम चौधरी हैं। उनके वार्ड में मौसम बिहार व पसौंडा का कुछ हिस्सा लगता है। पार्षद मुस्तकीम चौधरी का कहना है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके यहां लगभग 8500 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें से लगभग 6500 के आसपास मतदाताओं ने अपने वोट गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को मिलेगा, ऐसा उनको अनुमान है।

### वार्ड- 63 में पड़े 8500 मत, डॉली के खाते में आएंगे 6500 वोट: अंसार चौधरी



(करंट क्राइम)। वार्ड-63 में गांव पसौंडा आता है। पार्षद पति अंसार चौधरी का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 16000 वोटर्स हैं। जिसमें से 8500 लोगों ने 26 अप्रैल के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला है। उनका दावा है कि उनके वार्ड में गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को 6500 के करीब वोट मिलेंगे।

### वार्ड-64 में 10,300 वोट पड़े, जिसमें 5000 गठबंधन को आएंगे : इसरार चौधरी



(करंट क्राइम)। एआइएमआइएम पार्टी से वार्ड-64 के पार्षद पति इसरार चौधरी हैं। उनके क्षेत्र में गरिमा गार्डन का क्षेत्र आता है। कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 23,000 है। पार्षद पति इसरार चौधरी ने बताया है कि 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान लगभग 10,300 लोगों ने वोट डाले हैं। जिसमें से लगभग 5000 के करीब गठबंधन की प्रत्याशी डोली शर्मा के खाते में जाएंगे।

## संपादकीय

### देर से ही सही लेकिन एफएसएसआई का स्वागत योग्य कदम

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण देर से ही सही लेकिन सक्रिय हो गया है। उसने राज्यों से कहा है कि वे विभिन्न ब्रांड के मसालों के पाउडर को परीक्षण के लिए एकत्रित करें। इससे पहले अप्रैल में सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के खाद्य नियामकों ने खूब बिकने वाले भारतीय मसालों एमडीएच और एवरेस्ट पर प्रतिबंध लगा दिया। इन मसालों में कैंसरकारक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया था। भारत में इन मसालों की जांच के बाद हासिल नतीजों को एक विशेषज्ञ समिति के सामने पेश किया जाएगा और तकरीबन 25 दिनों में इसकी विस्तृत रिपोर्ट हासिल की जाएगी। सरकार घरेलू और निर्यात बाजारों में बेचे जाने वाले मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश बनाने की प्रक्रिया में है। यह नियामकीय सक्रियता स्वागतयोग्य है लेकिन इसके साथ ही सक्रिय कदम उठाने की क्षमता को लेकर भी सवाल पैदा होते हैं। भारत को विदेशी बाजारों के नियामकों की शिकायत पर कदम उठाने में एक महीने से अधिक का समय लग गया। इस पर यकीनन सवाल उठेंगे। इसलिए भी कि भारतीय खाद्य निर्यात में घातक कीटनाशक मिलने का सिलसिला पुराना है। उदाहरण के लिए गत वर्ष भी अमेरिका ने एमडीएच के तीन मसालों को वापस कर दिया था क्योंकि उनमें साल्मोनेला बैक्टीरिया पाया गया था। इसके अलावा मीडिया में यह खबर भी आई थी कि कैसे भारत से गए बासमती चावल में कीटनाशक पाए जाने पर यूरोपीय संघ ने चेतावनी जारी की थी। ये घटनाएं दोहरा नुकसान पहुंचा सकती हैं। तात्कालिक रूप से यह देश के तेजी से बढ़ते मसाला निर्यात कारोबार पर बुरा असर डालेगा जो अब 4.25 अरब डॉलर का है और वैश्विक मसाला निर्यात में 12 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है। ऐसे समय में जब प्रमुख विदेशी बाजार संरक्षणवादी रुख अपना रहे हैं, तब खाद्य संरक्षा से जुड़ी शिकायतों को लेकर धीमी और अस्पष्ट प्रतिक्रिया एक विरोधाभासी संकेत देती है। दूसरी बात जन स्वास्थ्य पर इसके असर से जुड़ी है। भारत जैसे देश में जहां स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय पहले ही कम है, यह बात बहुत मायने रखती है। पैकेटबंद खाद्य और पेय पदार्थों में कीटनाशकों के अवशेष का खतरनाक स्तर पर पाया जाना एक मुद्दा है।

# वित्त मंत्री बोली: 'पीएसयू को कांग्रेस ने बिगाड़ा, हमने संवारा', आंकड़ों के साथ राहुल गांधी को करारा जवाब



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के दावों का खुलकर जवाब दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की ओर से बार-बार यह दावा किया गया कि वर्तमान सरकार के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को खत्म किया जा रहा है और वह अव्यवस्था के शिकार हो गए हैं, यह 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' का एक उदाहरण है, क्योंकि इसको लेकर जो तथ्य सामने हैं, वह तो बहुत अलग तस्वीर दिखाते हैं। उन्होंने आगे लिखा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान हुआ। जिन सार्वजनिक उपक्रमों को पहले यूपीए सरकार के तहत उपेक्षित किया गया था, जैसे कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) उसका मोदी सरकार के कार्यकाल में पुनरुत्थान हुआ। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएसयू फल-फूल रहे हैं। इसके साथ ही इनके स्टॉक प्रदर्शन में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। वहीं, सरकार के प्रयासों से इनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिली और निवेशकों का विश्वास भी इसमें बढ़ा है। इसके साथ ही सरकार की तरफ से बुनियादी ढांचे के विकास, बिजली, लॉजिस्टिक्स आदि पर ध्यान देने से रेलवे, सड़क, बिजली, धातु, निर्माण, भारी उपकरण निर्माण आदि में सार्वजनिक उपक्रमों को सीधे लाभ हुआ है। ाोदी सरकार की पहल से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को यूपीए के समय पैदा हुए बैंकिंग संकट से उबरने में मदद मिली है। पीएसबी में एनपीए दशक के निचले स्तर 3.2% पर आ गया है और मुनाफा रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। मोदी सरकार के तहत सार्वजनिक उपक्रमों के कामकाज और वित्तीय स्थिति में आए परिवर्तन के लिए वित्त वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच की तुलना जरूरी है। 31 मार्च, 2023 तक सभी सीपीएसई की टोटल पेड-अप कैपिटल 5.05 लाख करोड़ थी। जबकि, वित्त वर्ष 2013-14 में यह 1.98 लाख करोड़ रुपए थी यानी कि अब यह उस समय के मुकाबले 155% अधिक है। वित्त वर्ष 2014 के दौरान सीपीएसई के संचालन से कुल सकल राजस्व 20.61 लाख करोड़ था, जो 2023 में 37.90 लाख करोड़ है यानी कि इसमें 84% की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, लाभ कमाने वाले सीपीएसई की बात करें तो 2014 में उसका शुद्ध लाभ 1.29 लाख करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2023 में 2.41 लाख करोड़ 87% की वृद्धि के साथ हो गया है। वित्त वर्ष 2023 में 4.58 लाख करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2014 में 2.20 लाख करोड़ था यानी इसमें भी 108% की वृद्धि हुई है। सभी सीपीएसई की कुल संपत्ति 31 मार्च 2014 के 9.5 लाख करोड़ के मुकाबले बढ़कर वित्त वर्ष 2023 तक 17.33 लाख करोड़ हो गई, जो 82% अधिक है। 31 मार्च 2023 तक सभी सीपीएसई द्वारा नियोजित पूंजी 38.16 लाख करोड़ थी, जो 31 मार्च 2014 में 17.44 लाख करोड़ के मुकाबले 119% ज्यादा है।

> ● आगे लिखा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान हुआ

पीएसयू के बेहतर प्रबंधन के कारण पिछले 3 वर्षों में इनके शेयर की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। सभी 81 सूचीबद्ध पीएसयू (62 सीपीएसई, 12 पीएसबी, 3 सार्वजनिक क्षेत्र बीमा कंपनियां और आईडीबीआई बैंक) की कुल बाजार पूंजी इस दौरान 225% बढ़ी है। लगभग 78.8% के निफ्टी सीपीएसई रिटर्न ने निफ्टी 500 (27.4%) और निफ्टी 50 (22.5%) को काफी पीछे छोड़ दिया है। 12 सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का मार्केट कैप 2.95 गुना (195%) बढ़ गया है। जो 31 मार्च 2021 तक 5.45 लाख करोड़ रुपए था।

## 18 मई को भी खुलेगा बाजार, शेयरों की खरीद-बिक्री कर सकेंगे

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार इस महीने 18 मई को भी खुलेगा। छुट्टी के दिन बाजार खोलने की वजह डिजास्टर रिकवरी वेबसाइट को टेस्ट करना है। जिससे आपदा जैसे साइबर अटैक या मुख्य वेबसाइट में अन्य कोई समस्या आने पर ट्रेडिंग को इस प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट किया जा सके। एनएसई द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस दिन इक्विटी के साथ-साथ डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार होगा। इसमें मुख्यतः दो सेशन होंगे। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे से लेकर 10 बजे तक का होगा। वहीं, दूसरा सेशन सुबह 11:45 बजे से शुरू होगा और दोपहर 12:40 बजे तक चलेगा। इस कारोबारी सत्र के दौरान सभी शेयर का अधिकतम प्राइस बैंड 5 प्रतिशत होगा। अगर किसी सिक्योरिटी का प्राइस बैंड इससे कम है तो वह यथावत जारी रहेगी। बता दें कि एक्सचेंजों की ओर से बताया गया कि स्पेशल ट्रेडिंग सेशन सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार ही किया जा रहा है। इसके लिए सेबी से सभी जरूरी अनुमति ले ली गई है। इस साल यह तीसरा स्पेशल ट्रेडिंग सेशन है। इससे पहले 2 मार्च को एनएसई और बीएसई ने डिजास्टर रिकवरी ट्रेडिंग सेशन रखा था। इस दिन भी दो सत्र थे। वहीं, जनवरी में 20 तारीख शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखा गया था।



## भारत-ताइवान के बीच व्यापार लगभग 25 अरब डॉलर तक पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** भारत और ताइवान के बीच व्यापार में हाल के वर्षों में काफी बढ़ोतरी हुई है। दोनों देश आपसी सहयोग से लगातार निवेश और तकनीक साझा कर रहे हैं, जिससे भारत और ताइवान के बीच व्यापार 25 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की ओर से ये जानकारी दी गई है। ताइवान बाहरी व्यापार विकास परिषद में दक्षिण एशिया अनुभाग (बाजार विकास विभाग) के विशेषज्ञ पीटर हुआंग (जो भारत में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं) ने कहा, ताइवानी इंडस्ट्री के लिए भारत एक मित्र देश है। उनके साथ हमारे वाणिज्यिक संबंधों में तेजी से इजाफा हो रहा है। यह भारत के लिए हमारा 15वां व्यापार प्रतिनिधिमंडल है। उन्होंने आगे कहा, ताइवानी कंपनियों के लिए भारत एक अनछुआ बाजार है। यहां व्यापार और निवेश की काफी संभावनाएं हैं।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अपनी जीवन साथी डिम्पल डॉली के जन्मदिन पर वार्ड 12 के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम ने उन्हें स्पेशल होने का अहसास कराया। अपनी लाइफ पार्टनर के हैप्पी बर्थडे पर प्रवीण मुलायम ने उनके लिए दुनिया की सारी खुशियां सारी हैप्पीनेस मांगी। सभी ने बधाई शुभकामनाए आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किए।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। मन परेशान हो सकता है।

**मिथुन:** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**तुला:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी पुराने मित्र से पुन: सम्पर्क हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। माता-पिता का साथ मिलेगा। सम्पत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर:** मन अशान्त हो सकता है। आलस्य की अधिकता रहेगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु यात्रा खर्च भी बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन:** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

## चुटकुले

बॉस के जोक पर पूरी टीम हंसने लगी लेकिन टीटू नहीं हंसा.
बॉस- तुम्हें मेरा जोक समझ में नहीं आया क्या?
टीटू- सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है.
बॉस को हुई हैरानी!

---

शौंटी- समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था.
संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
शौंटी- अरे मैं बीमार हूं न... इसलिए डॉक्टर ने बाहर की चीज खाने से मना किया है।

---

टीचर स्टूडेंट से- ये बताओ कि नदी में नींबू का पेड़ लगा है तो उसे कैसे तोड़ोगे?
स्टूडेंट- चिड़िया बनकर.
टीचर- तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
स्टूडेंट- जो नदी में नींबू का पेड़ लगाएगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अन्य अंगुलियों की अपेक्षा बीच वाली अंगुली के नाखून तेजी से बढ़ते हैं।
- एक वयस्क मानव के लिए केवल एक कदम उठाने से 200 मांसपेशियों का उपयोग होता है।
- शरीर में सबसे बड़ा ग्लैंड जिगर यकृत (liver) है।
- नाक और कान लगातार बढ़ते रहते हैं।
- मानव मस्तिष्क में एक मेमोरी क्षमता हार्ड ड्राइव में चार से अधिक टेराबाइट्स के बराबर होती है।
- पैर के नाखूनों की तुलना में हाथ के नाखून चार गुना तेज बढ़ते हैं।
- एक मानव कंकाल हर 10 साल में खुद को पूरी तरह से नवीनीकृत करता है।
- मनुष्य के शरीर में लगभग 650 मांसपेशियां होती है।
- उंगलियों के निशान की तरह जीभ भी प्रिंट हैं।
- जब आप छींकते है तो आपके दिल की धड़कन कुछ मिलीसेकेंड के लिए रुक जाती है।
- मनुष्य के बालों का औसतन जीवनकाल 3 से 7 साल होता है।
- मानव त्वचा बनाने वाली त्वचा कोशिकाएं उसी प्रकार की कोशिकाएं होती हैं जो मानव मुंह में होती हैं।

## उड़ानो को रद्द करने पर नागर विमानन मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

नागर विमानन मंत्रालय
MINISTRY OF
CIVIL AVIATION
सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली।** उड़ानों को रद्द करने के मामले में नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है। विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से मामले का समाधान करने को कहा है। मंत्रालय की ओर से एयरलाइन को डीजीसीए के निदेशों के अनुसार यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह भी दी गई है। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, एयरलाइन के चालक दल के सदस्य बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में ये उड़ाने रद्द की गई हैं। नागरिक विमानन अधिकारी इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें, टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसी को लेकर, पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य नाराज चल रह रहे हैं।

कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केद्र से हस्तक्षेप की मांग की एयर इंडिया एक्सप्रेस की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के अंतिम समय में रद्द होने और केरल में हवाई अड्डों पर गुस्साए यात्रियों के विरोध प्रदर्शन के बीच राजनीतिक दलों ने सरकार से तत्काल कदम उठाने को कहा है। कांग्रेस और भाकपा दोनों ने बुधवार को इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया को पत्र लिखकर यात्रियों की परेशानियों के बारे में बताया और प्रभावित लोगों के लिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। सतीशन ने अपने पत्र में कहा कि अधिकांश यात्रियों को उड़ानों के रद्द होने के बारे में हवाई अड्डों पर पहुंचने के बाद ही पता चला। अपने रोजगार खोने का डर है क्योंकि वे समय पर लौट नहीं पाएंगे। उन्होंने खबरों का हवाला देते हुए कहा कि एयरलाइन ने फंसे हुए यात्रियों को भोजन और ठहरने की जगह उपलब्ध कराने में बुनियादी शिष्टाचार भी नहीं दिखाया।

**प्रिय पाठकों,**
**आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।**

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम
## परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

09 05 2024

## आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




साईं पल्लवी
अभिनेत्री



माही



चार्वी मित्तल



कुंज सिंह



पूनम कौशिक



मेघा सिंह



सोनल



राहुल प्रकाश



रईस अहमद



विकास चौधरी



सुमित राजपूत



ललित



मनोज शर्मा



मनोज शर्मा



अशोक त्यागी



अश्वनी वशिष्ठ



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# टीम की लगातार गलतियों का नुकसान उठाना पड़ा: संगकारा

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स की लगातार दूसरी हार के बाद क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि उनकी टीम लगातार कुछ गलतियां कर रही है जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। अभी कुछ समय पहले, आरआर अंक तालिका में शीर्ष पर थी और आईपीएल 2024 प्लेऑफ में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनने के लिए पूरी तरह तैयार थी। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद से एक रन की हार में लक्ष्य का पीछा करने में असमर्थता और अब डीसी से 20 रन की हार का मतलब है कि आरआर लगातार हार रही है। इसके अलावा, दिल्ली में मामूली दिक्कतों के कारण उन्हें ध्रुव जुरेल और शिमरॉन हेटमायर की सेवाएं नहीं मिल पाईं। संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ठीक है, यह कठिन है; हार होती रहती है। हमने सीजन की शुरुआत में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, यहाँ कुछ रुकावटें आईं, लेकिन टूर्नामेंट इसी तरह आगे बढ़ता है। आपको अपने खेल में शीर्ष पर रहना होगा।" उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम बहुत सी आकस्मिक गलतियाँ कर रहे हैं। हमें अपनी योजनाओं के साथ धैर्य रखना होगा, और वास्तव में कार्यान्वयन पर भरोसा करना होगा। यदि आप गेंदबाजी कर रहे हैं, तो आपको प्रयास करने के लिए यहां या वहां बाउंड्री को बचाना होगा।" जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल के अर्द्धशतक और ट्रिस्टन स्टब्स की शानदार 41 रन की पारी की बदौलत डीसी 221/8 पर पहुंची लेकिन आरआर के पास संजू सैमसन की 46 गेंदों में 86 रन की शानदार पारी को छोड़कर जुरेल और हेटमायर की अनुपस्थिति में बल्लेबाजी करने के लिए कोई नहीं था। यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर पावर-प्ले के अंदर आउट हो गए, जबकि रियान पराग, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल और नवोदित डोनोवन फरेरा ने सैमसन को वांछित समर्थन नहीं दिया। अक्षर और कुलदीप के साथ मिलकर डीसी ने 7-



10 ओवरों में सिर्फ 25 रन देकर धीमी गति से ही रन दिए। संगकारा ने कहा, पावर-प्ले में वास्तव में अच्छी शुरुआत नहीं हुई, लेकिन फिर से, संजू सैमसन, रियान पराग, शुभम दुबे, इन सभी ने वास्तव में एक दिलचस्प लक्ष्य का पीछा करने में योगदान दिया। लेकिन एक बार जब आप बहुत सी आकस्मिक गलतियां करते हैं और कई डॉट बॉल भी खेलते हैं तो यह थोड़ा कठिन हो जाता है। गेंद के साथ, रविचंद्रन अश्विन, जो सीजन में सिर्फ दो विकेट लेकर मैच में आए थे, ने डीसी के लिए मंदी का कारण बनने के लिए 3-24 विकेट लिए। 14-17 ओवर के बीच आरआर ने सिर्फ 22 रन दिए। लेकिन डीसी ने 18वें ओवर में 21 रन बटोरे, जिससे आखिरी दो ओवरों में 14 और 18 रन आने का रास्ता साफ हो गया। मुझे लगा कि हमने इस मैच के बीच में शानदार गेंदबाजी की, विशेषकर अश्विन और युजी (चहल) ने फिर से दिखाया कि वह कितना अच्छा है। लेकिन मुझे लगता है कि कुछ अतिरिक्त रन दिए गए, अंत में ट्रिस्टन स्टब्स की कुछ अच्छी बल्लेबाजी के लिए धन्यवाद और फ्रेजर-मैकगर्क शीर्ष पर है, लेकिन फिर भी 220 के साथ, यह यहाँ पार स्कोर था। संगकारा ने कहा, युजी ने ऋषभ और दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, और ऐश ने वहां गेंदबाजी की जहां हम चाहते थे कि वह गेंदबाजी करे। संभवतः इस पिच पर अंतिम छोर पर, हमने स्पिन को थोड़ा अधिक गहराई से लिया और यह कुछ ऐसा है जिसे हम आजमा सकते हैं और संबोधित कर सकते हैं। लेकिन ऐश ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की।"

पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 सीरीज के कारण बटलर लीग चरण के अंत में टीम छोड़ने को तैयार हैं, संगकारा ने कहा कि सलामी बल्लेबाज उन्हें बताएंगे कि वह कब तक टूर्नामेंट में टीम के साथ रह सकते हैं। ठीक है, हमें इसके साथ वैसे ही रहना होगा जैसे यह है। हर कोई खेलने के लिए तैयार है, और अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहा है। हम सभी को तैयार कर रहे हैं और उस आकस्मिकता के बारे में भी सोच रहे हैं। अगर ऐसा होता है, तो ऐसा होता है। अन्यथा आगे बढ़ना होगा। इंग्लैंड के सभी खिलाड़ियों के पास एक समय सीमा है, और हम इसके बारे में बात करेंगे, इसलिए वह हमें बताएंगे कि समय सीमा कब है।

12 अप्रैल को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करने के लिए चेन्नई जाने से पहले आरआर के पास अब चार दिन का ब्रेक है। संगकारा ने जोर देकर कहा कि लगातार हार के बाद टीम में घबराहट पैदा करने का समय नहीं है।

उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हमारी टीम में गुणवत्ता है, और हमें बस कड़ी मेहनत करते रहना है, तैयार रहना है और दिन के अंत में, यह कार्यान्वयन के बारे में है। यदि आप इसे दिन पर सही तरीके से प्राप्त करते हैं और आप इसे निष्पादित करते हैं दूसरे पक्ष से बेहतर, आप जीत के साथ जाएंगे, हमें बस थोड़ा और अनुशासित होना होगा।

# टी20 विश्व कप के लिए बतौर ओपनर बेस्ट होंगे यशस्वी: ज्वाला सिंह

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 नजदीक है। खेल का यह सबसे छोटा प्रारूप इस साल वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए यात्रा करने वाले अधिकांश खिलाड़ियों के पास दोनों मेजबान देशों में खेलने का अनुभव न के बराबर है। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, यशस्वी जायसवाल के कोच, जो उनके लिए उनके पिता के सामान है, ज्वाला सिंह ने बताया कि उनका मानना है कि युवा भारतीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए पारी की शुरूआत करेंगे। वेस्टइंडीज पर्यटन और टूर्नामेंटों के लिए सबसे अधिक बार होने वाला गंतव्य हो सकता है, लेकिन यह वह देश है जहां युवा जायसवाल भारत के लिए मैदान पर उतरे। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने रोसिया, डोमिनिका के विंडसर पार्क में डेब्यू किया, जहां उन्होंने 171 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को एक टेस्ट मैच में प्रमुख जीत दिलाई, जिसे उन्होंने पारी और 141 रनों से जीता। उनका टी20 में भी शानदार रिकॉर्ड है। एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने केवल



एक बल्लेबाज के रूप में ओपनिंग की है। भारत के लिए खेली गई 16 पारियों में जायसवाल ने 161.93 की स्ट्राइक रेट के साथ चार अर्द्धशतक और एक शतक बनाया है। यह बहस पहले भी टेस्ट क्रिकेट में उठी थी जब वह वेस्टइंडीज जा रहे थे। कई लोग कहते थे कि वह नंबर 3 पर खेलेंगे क्योंकि चेतेश्वर पुजारा टीम से बाहर थे और यही एकमात्र स्थान था। लेकिन, मुझे विश्वास है कि जब वह खेलते थे, तो टीम प्रबंधन उन पर बहुत भरोसा करता था। शुभमन गिल नंबर 3 स्थान पर खेलते थे, जहां तक मैं उन्हें जानता हूं, मुझे लगता है कि वह पारी की शुरूआत करना चाहेंगे।

# सूर्यकुमार यादव ने खोला 'सुपला' शॉट के पीछे का राज

मुंबई। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अपने पूरे करियर में लगाए गए बल्लेबाजी शॉट्स के शस्त्रागार को तोड़ दिया, जब उन्होंने 51 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए, जिससे संघर्षरत मुंबई इंडियंस की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में सात विकेट से जीत हासिल की। प्रतिष्ठित 'ऑफसाइड स्कूप' से लेकर अपने लोकप्रिय 'सुपला' शॉट तक, 33 वर्षीय ने हैदराबाद के खिलाफ बहुआयामी शॉट खेलने की क्षमता की झलक दिखाई। यादव ने अपने प्रदर्शनों की सूची में शॉट्स की उत्पत्ति के पीछे की कहानी साझा की। यादव का 'सुपला' शॉट उनके द्वारा खेली गई प्रत्येक पारी से परिचित हो गया है, अब उन्होंने खुलासा किया है कि उन्होंने मुंबई में टेनिस बॉल क्रिकेट खेलना शुरू किया था। सूर्यकुमार यादव ने जियोसिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि शॉट का नाम स्थानीय टेनिस बॉल क्रिकेट से आया है जो मुंबई में खेला जाता है। और वहां से, जब मैंने वह शॉट खेलना शुरू किया क्योंकि लोगों ने इसे टेनिस बॉल क्रिकेट में बहुत खेला है, तो उन्होंने इस शॉट से जुड़ना शुरू कर दिया और इसे एक नाम दिया। जब शॉट खेला जाता है और इसे 'सुपला' शॉट कहा जाता है, तो यह सुनना अच्छा लगता है।" यादव ने अपने स्कूल के दोस्तों के साथ रबर बॉल क्रिकेट खेलते हुए शॉट को कैसे परफेक्ट किया, इसके बारे में विस्तार से जाना और दिखाया कि शॉट को कैसे निष्पादित किया जाता है। शॉट के पीछे की कहानी खूबसूरत है। मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ सीमेंट के सख्त ट्रैक पर क्रिकेट खेला करता था और ऑफ साइड में 20 मीटर की बाउंड्री होती थी। हम बरसात के मौसम में रबर की गेंदों से खेलते थे और गेंद को जोर से फेंकने से पहले गीला कर लेते थे। वे मेरे घुटने से मेरे सिर तक गेंदबाजी करते थे, इसलिए यदि आप गेंद से प्रभावित हुए बिना रन बनाना चाहते हैं, तो शॉट वहीं से आता है। जब भी लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मैंने इसका अभ्यास किया है या नहीं, तो मैंने रबर बॉल क्रिकेट में इस शॉट का इतनी बार उपयोग किया है कि यह अब मेरी मांसपेशियों की स्मृति में है। 'सुपला' शॉट मारना मुश्किल है, लेकिन यादव ने यह पता लगा लिया है कि स्थिति की मांग होने पर शॉट का उपयोग कब और कैसे करना है।



जब मैं 'सुपला' शॉट खेलता हूं तो वास्तव में मैं गेंद को शरीर पर लेने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं खड़ा होकर हिट करता हूं तो गेंद की लाइन में रहने की कोशिश करता हूं। यदि आप गेंद की लाइन से चूक जाते हैं, तो उस शॉट को खेलना बहुत मुश्किल होता है... मैं गेंद को शरीर की लाइन में लेने और उसे टाइम करने की कोशिश करता हूं... इसमें कोई पूर्वचिन्तन नहीं है... भले ही यह पहली गेंद हो, अगर मैं उपयोग करना चाहता हूं यह, मैं ऐसा करूंगा क्योंकि मैं बल्लेबाजी करने, आनंद लेने और जितना संभव हो उतना मनोरंजन करने के इरादे से जाता हूं, जितना मैंने अभ्यास किया है।

भले ही यह पहली गेंद हो, अगर यह आर्क में है, तो यह जाएगी। इसलिए, पीछे का क्षेत्ररक्षक वास्तव में मेरे लिए अप्रासंगिक है। मैं नहीं देखता कि वह वहां है या नहीं. अगर मुझे कोई शॉट खेलना है तो मुझे इसे खेलना होगा। हर बल्लेबाजी पारी त्रुटिहीन नहीं होती, लेकिन सूर्यकुमार यादव जानते हैं कि बिना किसी परवाह के जादुई पल कैसे बनाए जाते हैं। ठीक यही उन्होंने 2020 में जोफ्रा आर्चर का सामना करते हुए किया था।

# आईपीएल मैच के दौरान आप समर्थकों द्वारा केजरीवाल के पक्ष में नारे लगाने पर डीडीसीए नाराज

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अधिकारियों ने प्रशंसकों से स्टेडियम से 'राजनीति को दूर रखने' और 'केवल खेल का आनंद लेने' का आग्रह किया है। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के समर्थकों ने जेल में बंद अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पक्ष में नारे लगाए। घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने समर्थकों को हिरासत में ले लिया, लेकिन कुछ ही देर बाद रिहा कर दिया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए डीडीसीए के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर आईएएनएस से कहा कि राजनीति को स्टेडियम में नहीं आना चाहिए। प्रशंसक आते हैं और मैच का आनंद लेते हैं। राजनीतिक दलों के समर्थकों से मेरा अनुरोध है कि वे इसे अपनी राजनीति करने के लिए एक मंच के रूप में उपयोग न करें।" आप ने एक्स पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया और कहा, जेल का जवाब वोट से, सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी की साजिश के खिलाफ फिरोज शाह कोटला मैदान में डीसी बनाम आरआर आईपीएल मैच के दौरान नारे लगाए गए। डीडीसीए के एक अन्य अधिकारी ने भी उनकी बात दोहराते हुए कहा, यह अस्वीकार्य है। क्रिकेट सभी को पसंद है. राजनीतिक दलों को ऐसे स्टंट को स्टेडियम से बाहर रखना चाहिए. वे केवल उन अन्य प्रशंसकों के लिए समस्याएँ पैदा करते हैं जो पैसे देकर शाम का आनंद लेने के लिए परिवार के साथ आते हैं।



# अथापथु के शतक से श्रीलंका ने महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर पर कब्जा जमाया

अबू धाबी। चामरी अथापथु की 102 रन की सनसनीखेज पारी ने श्रीलंका को यहां शेख जायद स्टेडियम में स्कॉटलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2024 के फाइनल में मैच विजयी स्कोर बनाने में मदद की। कप्तान ने 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 गेंदों में 102 रन बनाए, जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 2 ओवर में 169/5 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड 20 ओवर में 101/7 रन ही बना सका। क्वालीफायर के फाइनलिस्ट होने के नाते, श्रीलंका और स्कॉटलैंड दोनों बांग्लादेश में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे। जीत के साथ, श्रीलंका अब महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान के साथ शामिल हो जाएगा। इस बीच, स्कॉटलैंड



मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गया। स्कॉटलैंड की कप्तान सारा ब्राइस के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने समर्थन दिया, तेज गेंदबाज प्रियानाज चटर्जी ने तीसरे ओवर में विशमी गुणरत्ने (9) का महत्वपूर्ण विकेट झटका। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑफ स्पिनर कैथरीन फ्रेजर ने पहले पावरप्ले की समाप्ति से पहले हर्षिता समराविक्रमा (8) को फंसाया और स्कॉटलैंड को एक और सफलता दिलाई। इसके बाद लेग स्पिनर अब्ताहा मकसूद ने गतिशील ऑलराउंडर कविशा दिलहारी को हटा दिया, जो चौथे नंबर पर आईं और कप्तान अथापथु के साथ पारी को फिर से बनाने की कोशिश की और कुछ आक्रामक चौके लगाए। फिर, हन्ना रेनी के तीसरे ओवर में अथापथु ने गति पकड़ी। तीसरी गेंद पर फ्री हिट कॉल का फायदा उठाते हुए, उसने तेज गेंदबाज को कवर के ऊपर से चौका मारा और इसके बाद अगली कुछ गेंदों पर दो और चौके लगाए। क्लो एबेल की गेंद पर छक्का और चौका लगाने से अथापथु को टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा करने में मदद मिली और आखिरकार 14वें ओवर में उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। मकसूद द्वारा फेंके गए 17वें ओवर में फॉर्च्यून ने दो बार अथापथु का साथ दिया। बल्लेबाज को अंदरूनी किनारा मिला जिससे गेंद पीछे जाकर स्टंप्स को छू गई। हालाँकि, बेल्स उखड़ने में विफल रही। अगली ही गेंद पर डीप में क्षेत्ररक्षक ने कैच छोड़ कर श्रीलंकाई खिलाड़ी को एक और जीवनदान दे दिया। अजेय अथापथु ने स्कॉटलैंड को दंडित करना जारी रखा, और केवल 60 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, जो राचेल स्लेटर से हारने से पहले टूर्नामेंट का उनका पहला शतक भी था।

# विराट को रोकना पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती: प्रीव्यू

धर्मशाला। आईपीएल 2024 में गुरुवार को पंजाब किंग्स अपने घर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करेगी। आरसीबी जीत की पटरी पर लौट आई है और धर्मशाला का मैदान विराट कोहली को खूब पसंद आता है लेकिन पंजाब किंग्स का एक गेंदबाज उनकी समस्या बढ़ाने को खड़ा है। तो चलिए इस मैच से जुड़े अहम आंकड़ों पर नजर डालते हैं।



## पंजाब की दिक्कत चयन

चयन में निरंतरता और खिलाड़ियों के स्मार्ट पूल के चयन से चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स पिछले दो सीजन में सबसे सफल टी20 टीम रही हैं, जहां उनका जीत का प्रतिशत 60 है। चेन्नई ने 26 तो राजस्थान ने 27 खिलाड़ी इस्तेमाल किए। वहीं पंजाब का संयुक्त रूप से सबसे कम 40 जीत का प्रतिशत है और उनहोंने खिलाड़ी भी 24 इस्तेमाल किए। तो इसका मतलब यह है कि पंजाब ने अपने खिलाड़ियों को बहुत अधिक बैक किया है और उनके पास टीम को बेहतर बनाने के लिए अन्य विकल्पों की कमी है?

## आरसीबी लौटी जीत की पटरी पर

कोहली को छोड़कर आरसीबी का अन्य शीर्षक्रम टूर्नामेंट की शुरूआत में संघर्ष कर रहा था। शुरूआती पांच मैचों में उन्होंने पावरप्ले में नौ विकेट गंवाए और 8.46 के रन रेट से ही रन बनाए। मैच छह से उन्होंने विल जैक्स को उतारा तो उन्होंने छह मैचों में सात ही विकेट पावरप्ले में गंवाए और रन भी 11.47 के रन रेट से बनाए। पेशे से ओपनर जैक्स ने शीर्ष क्रम को स्थायित्व दिया, जहां पर वह तीन नंबर पर उतरे। जैक्स के आने से अब ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और दिनेश कार्तिक के पास खुलकर खेलने का मौका होता है।

## क्या बराड़ करेंगे कमाल

हरप्रीत बराड़ को सीएसके के खिलाफ अधिक गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला, क्योंकि सीएसके ने सुनिश्चित किया कि मध्य ओवरों में बायें हाथ के बल्लेबाज मौजूद हों और सैम करन बायें हाथ के स्पिनर को गेंदबाजी कराने से बचें। लेकिन आरसीबी के पास शीर्ष छह में दायें हाथ के बल्लेबाज ही हैं और इस सीजन आरसीबी ऐसी टीम है जिन्होंने बायें हाथ के स्पिनर के खिलाफ दूसरे सबसे कम रन बनाए हैं और वे बेंगलुरु में बराड़ के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे। बराड़ ने वहां पर 13 रन देकर दो विकेट लिए थे। बराड़ के लिए आरसीबीउनकी पसंदीदा टीम है और वे उनके शीर्ष क्रम को बांधकर रख सकते हैं।

## कोहली को रास आता है धर्मशाला

विराट कोहली धर्मशाला में अपना तीसरा टी20 खेलेंगे और आईपीएल में मात्र दूसरा। धर्मशाला कोहली को बहुत पसंद आता है और यहां पर उन्होंने अपने पेशेवर करियर की नौ में से छह पारियों में अर्धशतक लगाया है, जिसमें पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 104 गेंद में 95 रन की पारी भी शामिल है। हालांकि सामने कगिसो रबाडा होंगे, एक ऐसे गेंदबाज जिन्होंने कोहली को 13 में से चार बार आउट किया है। वहीं पंजाब के अन्य गेंदबाजों के सामने कोहली को कोई समस्या नहीं होती है, जिससे वह शुरूआत में रबाडा पर रूककर बाद में रन बना सकते हैं।

# 3 साल बाद घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा

भुवनेश्वर। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने 12 मई से शुरू होने वाले फेडरेशन कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, जो तीन साल बाद उनका पहला घरेलू टूर्नामेंट होगा। नीरज ने आखिरी बार 2021 फेडरेशन कप में भाग लिया था जो टोक्यो ओलंपिक से पहले आयोजित किया गया था। गोल्डन बॉय ने एथलेटिक्स में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बनकर अपनी छाप छोड़ी। वह दोहा डायमंड लीग, जो 10 मई को कतर, संयुक्त अरब अमीरात में होने वाला है, के बाद फेडरेशन कप के लिए भारत वापस आएंगे । दोहा प्रतियोगिता नीरज के लिए 2024 सीजन की शुरूआत होगी, और वह 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद पहली बार एक्शन में होंगे।




26 वर्षीय भाला फेंक खिलाड़ी की नजर जुलाई में शुरू होने वाले 2024 पेरिस ओलंपिक में अपने ओलंपिक स्वर्ण की रक्षा करने पर है।

# ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने बाढ़ के बाद 3 शीर्ष स्तरीय क्लबों के मैच स्थगित किये

नई दिल्ली। ब्राजील के राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद, तीन शीर्ष स्तरीय क्लबों--इंटरनेशियल, ग्रेमियो और जुवेंट्यूड-- ने ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ से अपने मैच अगले 20 दिनों तक स्थगित करने का अनुरोध किया है क्योंकि वे सभी बाढ़ग्रस्त राज्य से बाहर हैं और ऐसे समय में फुटबॉल मैचों की मेजबानी करने की स्थिति में नहीं हैं।

सीबीएफ ने आधिकारिक तौर पर अनुरोध पर सहमति व्यक्त की है और ?राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रियो ग्रांडे डी सुल की टीमों से जुड़े और 27 मई, 2024 तक निर्धारित सभी मैच, घर या बाहर, स्थगित कर दिए गए हैं। स्टेडियम में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए उचित बुनियादी ढांचे की कमी के कारण खाली होने से पहले ग्रेमियो फुटबॉल क्लब ने जरूरतमंद लोगों के लिए एरेना डो ग्रेमियो के दरवाजे खोल दिए। बाद में एरेना डो ग्रेमियो की भी तस्वीरें ऑनलाइन सामने आईं, जिसमें व्यापक बाढ़ के कारण क्षति हुई। रियो ग्रांडे डो सुल में सार्वजनिक आपदा की स्थिति के कारण, संघीय और राज्य सरकारों द्वारा आदेशित, चरम मौसम की घटनाओं के परिणामस्वरूप, सीबीएफ रियो ग्रांडे डो सुल की आबादी के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करता है और इस बात को पुष्ट करता है कि वर्तमान ध्यान उनकी तत्काल और आपात स्थिति से निपटने पर केंद्रित किया गया है। सीबीएफ, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की आयोजन इकाई के रूप में, और अपने संस्थागत कार्यों के साथ-साथ मानवीय प्रयासों के प्रति चौकस है,



जिसकी इस समय आवश्यकता है, अधिकारियों को अपने अप्रतिबंधित समर्थन की पुष्टि करता है ताकि सभी उपायों और कार्यों को लाभ के लिए अपनाया जा सके। रियो ग्रांडे डो सुल की जनसंख्या, जिनकी मदद सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए, गौचा फुटबॉल फेडरेशन (एफजीएफ) से पत्र संख्या 57/2024 प्राप्त होने पर, जिसने अपने संबद्ध क्लबों के अनुरोध को आगे बढ़ाया और समर्थन किया, सीबीएफ ने सूचित किया कि सभी मैचों में रियो ग्रांडे डी सुल की टीमें शामिल होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ, घर या बाहर, 27 मई, 2024 तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं।" ब्राजील की राज्य एजेंसी 'एजेंसिया ब्रासील' के मुताबिक, रियो ग्रांडे डो सुल में बारिश की त्रासदी के कारण अब तक 95 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, 48,799 लोग अपना घर छोड़कर आश्रय स्थलों में हैं। हालाँकि, सरकार कुल 159,036 नागरिकों को बेघर मानती है। इस आपदा से अब तक 14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। ब्राजीलियाई फुटबॉल खिलाड़ी राज्य भर में एकजुट हो रहे हैं क्योंकि पूरी दुनिया उन्हें अपना समर्थन भेज रही है। नेमार जूनियर इस दुखद घटना के पीड़ितों को दान देकर मदद करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। डिएगो कोस्टा का एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया, जिसमें वह जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा में मदद करने के लिए काली जीप और जेट स्की के साथ नौका सेवा शुरू कर रहे हैं।

# एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने तत्काल प्रभाव से यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति को मंजूरी दी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) नीति को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। गहन विचार-विमर्श और सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद एआईएफएफ कार्यकारी समिति द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति, जो यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 पर आधारित है, का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के भीतर एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। अनुपालन और प्रभावकारिता के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए इसे एआईएफएफ कानूनी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार और जांचा गया है। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव एम सत्यनारायण ने कहा, एआईएफएफ कर्मचारियों के लिए




विशेष रूप से पीओएसएच नीति की बहुत जरूरत थी। हमने 2013 के पीओएसएच अधिनियम और कुछ अन्य संगठनों की नीतियों के अनुसार नीतियों को लेकर इसका मसौदा तैयार किया है और उन्हें अपनी नीति में शामिल किया है।

उन्होंने कहा, हमारी पीओएसएच नीति को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, इसे बदला और अनुकूलित किया जा सकता है। इसके साथ ही, हमने पीओएसएच नीति पर एक विशेषज्ञ रखने की भी योजना बनाई है जो हमारे कर्मचारियों को साल में कम से कम तीन बार संबोधित करेगा ताकि उन्हें इसकी याद दिलाती रहे।

यह जरूरी है, खासकर हमारी जूनियर और महिला टीमों के लिए। हमारा मानना है कि विभिन्न पदों पर कार्यरत सभी हितधारकों के लिए पीओएसएच नीति के बारे में पूरी जानकारी होना जरूरी है।

# सफाई कर्मचारी से अभद्रता, पालिका परिषद कार्यालय में किया हंगामा

**मुरादनगर(करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की राधेश्याम विहार कॉलोनी फेस वन में नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। इससे नाराज होकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। कार्रवाई ना होने पर सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी है। नगर पालिका परिषद स्थित राधेश्याम विहार कॉलोनी में बुधवार को सफाई कर्मचारी सफाई करने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि एक सफाई कर्मचारी झाड़ू लगा रहा था और अन्य कर्मचारी कूड़ा उठाकर ट्रैक्टर में डाल रहे थे। आरोप है कि कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने सफाई कर्मचारी से रोजाना सफाई करने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि उक्त व्यक्ति ने सफाई कर्मचारी के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी।




### सफाई कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**करंट क्राइम।** इस बात से नाराज सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य बंद करके नगर पालिका परिषद पहुंच गए और सफाई निरीक्षक व अधिशासी अधिकारी को पूरे मामले की जानकारी दी। सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा कर कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो सफाई व्यवस्था ठप कर आंदोलन किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी का कहना है कि एकाएक सफाई कर्मचारियों से अभद्रता करने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जो गलत हैं। जिस पर अभद्रता करने का आरोप है, उसे बुलाया गया है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है।

# कैब चालक ने युवती के बैठने पर चलाई अश्लील वीडियो



**लोनी (करंट क्राइम)।** कैब संचालक ने युवती ले जाते समय रास्ते में अश्लील वीडियो चलाता रहा तथा अश्लील बाते करता रहा। युवती ने कैब चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कैब सीज कर दी है। लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती ने बताया कि वह अधिवक्ता है तथा दिल्ली तीस हजारी कोर्ट में प्रैक्टिस करती है। युवती का आरोप है कि मंगलवार शाम चार बजे उसने लोनी आने के लिए दिल्ली तीस हजारी कोर्ट से कैब बुक की थी। जिसको साजिद चला रहा था। आरोप है कि उसके कैब में बैठते ही कैब चालक ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो और गाने चलाने शुरू कर दिए तथा अश्लील बाते करने लगा। उसके विरोध करने पर ना ही उसने कैब रोकी और ना ही अश्लील वीडियो चलाना बंद किया। युवती ने कैब चालक के विरुद्ध लोनी बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी कैब सीज कर दी है।

## डॉ. केएन मोदी साइंस एंड इंटर कॉलेज में छात्रों व अभिभावकों का हंगामा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी साइंस एंड इंटर कालेज मे 11वीं कक्षा को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने पर लगी रोक को लेकर छात्रो व अभिभावको ने जमकर हंगामा काटा। उनका आरोप था कि प्रबंधतंत्र छात्रों के साथ तानाशाही रवैया अपना रहा हैं। जिससे छात्रों के साथ ही अभिभावकों का भी जमकर उत्पीड़न हो रहा है। बताते चले कि जिन छात्रों ने अब दसवीं की परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से पास की है, वे 11वीं में इसी माध्यम से पढ़ने की कोशिश करते, लेकिन अब उन्हे काफी दिक्कतों का सामना करना पडेगा, जिसे लेकर छात्रो व अभिभावको ने कॉलेज परिसर मे जमकर हंगामा किया। कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने अभिभावको को आश्वस्त किया कि वे इस संबध में कालेज के प्रबंध तंत्र से वार्ताकर हल कराने का प्रयास करेंगे। तब जाकर मामला शांत हुआ। उन्होंने पूर्व प्रधानाचार्य एससी अग्रवाल द्वासरा शुरु किये गये अंग्रेजी पाठ्यक्रम पर खुद सवालियां निशान उठायें ओर कहा कि हमें हिन्दी मीडियम पढ़ाने के मान्यता मिली हुई है, लेकिन पूर्व प्रधानाचार्य ने अंग्रेजी मीडियम पाठ्यक्रम की शुरूआत की थी। जिसे बंद किये जाने पर विचार चल रहा है। उन्होंने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।




### नगरनिगम के ईमान की आंच मेंबरों ने कर दिया कमीशन ढाई से पांच

वो महकमा ही विकास का है और वहां बड़ी वाली चेयर पर हमेशा कमल खिला है और इस बार तो कमाल ही हो गया है। 65 जीत कर आये हैं और बाकी का ईमान जीतने के बाद फूल पर आ गया लिहाजा 100 मेंबरों वाले सदन में 73 मेंबर फूल वाले ही हैं। कुछ नये आये हैं लेकिन कमाने खाने के सारे तरीके जल्दी सीख गये हैं। जो ईमान का ढोल पीट रहे थे उनकी बेईमानी के किस्से चपरासी से लेकर बाबू की जुबान पर गूंज रहे हैं। महकमा ऐसा कि बड़े अफसर ने कह दिया कि मैं नही खाऊंगा बाकी कोई कुछ खाये कोई शिकायत लेकर मेरे पास ना आये। कहने वाले ने कहा कि किस– किस का नाम ले बाकी आप ये समझ लो कि ये तो पहले वालों से भी ज्यादा तेज निकले हैं। देने वाले ने ऑफ द रिकार्ड वार्ड के नाम बताये और फिर बताया कि पहले वाले दो से शुरू होते थे और ढाई से तीन के बीच मान जाते हैं। लेकिन अब तो सीन ही तीन से सीधे पांच पर पहुंच गया है। उसने बताया कि खुद फोन करेगें और टोन तब तक सीधी नही होगी जब तक मामला डन नही हो जायेगा। अब डायरेक्ट पांच मांगे जा रहे हैं क्योकि जुग राम राज का आ गया। पिक्चर अभी बाकी हैं अगले सीन में आप को बतायेगें कि पांच लेने के बाद मेंबर उस रकम का नमक भी कैसे अदा करते हैं।

### उनके लिये नबंर वन पर है लखनऊ और फिर जाना चाहते हैं बनारस

भगवा गढ़ वाले कमल फ्लावर इतनी फायर फील कराने वाली समर में भी कमर कस कर चुनाव प्रचार के लिये जाना चाहते हैं। माननीय जी ने पर्चा भरा तो गाजियाबाद वालों ने खर्चा करा और हाजिरी दर्ज कराई। किसी ने माननीय जी के चरण की शरण ली तो किसी ने भईया जी को फेस दिखाया। बात जब फूल वालों में ही चली तो पता चला कि और जिलों में चुनाव प्रचार को लेकर गाजियाबाद वाले भाजपाईयों के जज्बे में कतई धार नही हैं। जिन्हे लखनऊ के पास वाले जिले में भेजा गया था उनकी लोकेशन भी लखनऊ की मिली हैं। कई के पास लखनऊ से फोन आया और दूसरे जिले के नाम सुनते ही इधर वालों ने कोई इंटरेस्ट ही नही दिखाया। इंटरेस्ट को लेकर अंदर की बात भाजपाई ने ही बताई और उसने कहा कि गाजियाबाद वाले नबंर वन प्राथमिकता में लखनऊ को रख रहे हैं और उसके बाद अगर कहीं जाने का मन हैं तो वो बनारस हैं।

### जब खिंच ही गई है उन्हे लेकर तलवार तो फिर किस बात का प्रोटोकॉल

चुनाव प्रचार के बीच उनका जन्मदिन आया है और वो अपने जन्मदिन पर भंडारा बांटने आ रहे हैं। मेहमानों को बुलाने के लिये क्या प्रयास हुये हैं ये पता नही लेकिन कयास ये लग रहे हैं कि वो आयेगें और वो नही आयेगें। इन सबके बीच जाट नेता की जुबान से जो निकला वो सुनने लायक था। उन्होने कहा कि अब कुछ कहने सुनने को बाकी रह नही गया है। उन्होने याद दिलाया कि उनके दीवाली मिलन से लेकर रक्षाबंधन तक क्या सीन रहा है और अब तो वैसे भी आप मामले को सियासी रूप से संगीन मान कर ही चलो। उन्होने कहा कि जब खिंच ही गई है तलवार तो किस बात का प्रोटोकाल। मन करे तो कोई जाये और मन ना करे तो ना जाये लेकिन बिना बात का माहौल ना बनाये।

## न्यूज डायरी

### हापुड व सीकरी रोड फाटक पर पुलिस बल तैनात हो : पालिका सभासद मोहन सिंह

**मोदीनगर करंट क्राइम।** हापुड व सीकरी फाटक पर आये दिन लगने वाले जाम को देखते हुए पालिका सभासद ने दोनों फाटकों पर पुलिस बल तैनात किये जाने की मांग की है। पालिका सभासद मोहन सिंह उर्फ मोनू धामा ने हापुड व सीकरी रेलवे फाटक बंद होने पर लगने वाले जाम को लेकर दोनो ही फाटको पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की हैं। साथ ही उन्होने राज चैपले पर रेलवे प्रशासन की ओर से मंजूर हुये फलाईओवर कार्य आरंभ कराने की मांग उठाई हैं। दरअसल हापुड रोड रेलवे फाटक बंद होने के बाद प्रतिदिन दोपहर में लंबी कतारे लगने से चैपले पर जाम की स्थिति बन रही है, जिस कारण इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूल कॉलेज के छात्र व राहगीरो को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होने कहा है कि इसी प्रकार रविवार को गांव सीकरीखुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर पर श्रद्वालुओं का आवागमन होता है। फाटक बंद होने के बाद खुलने के दौरान पुलिस बल की व्यवस्था ना होने के चलते लोगां को जाम से जूझने को मजबूर होना पडता है। दोनों रेलवे फाटक पर हो रही परेशानी को लेकर यहां पुलिस बल तैनात किया जाये।

### आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को बचाने वाले युवक पर हमला करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगरकरंट क्राइम।** विजयनगर फाटक पर घेरलू कलह के चलते आत्महत्या करने का प्रयास कर रही महिला को बचाने वाले युवक पर चाकूओं से किये गये प्राणघातक हमले के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं। आरोपी पर एससी,एसटी एक्ट, हत्या के प्रयास व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज हुआ हैं। विजयनगर निवासी अरूण व उसकी पत्नि के बीच सोमवार को विवाद हो गया था, विवाद के चलते उसकी पत्नि घर के समीप स्थित रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंच गयी। इस बीच कृष्णापुरी निवासी अजय कुमार ने उसे बचा लिया ओर दम्पत्ति के बीच सुलह कराने की कहकर जब उसे उसके घर लेकर पहुंचा तो उसका पति आग बबूला हो गया। ओर पत्नि को बचाने को लेकर आक्रोशित होते हुये उसने अजय पर चाकूओ से वार कर दिये। शोर सुनकर जुटी भीड ने उसे बचाया। घायल अजय ने पुलिस थाने पहुंचकर पूरी घटना बताई। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस मामले में आरोपी अरूण के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम दबिश दे रही हैं।

### पिता पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप

**लोनी (करंट क्राइम)।** अंकुर विहार थाने की बुधनगर कॉलोनी निवासी नैनसिंह ने पडोसी इरसाद और उसकी पत्नी फातमा पर अपने और बेटे किशन के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने तथा पथराव करने का आरोप लगाया है। नैनसिंह की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




### कमिश्नरेट में बदलेंगे पुलिस वाहनों के लोगो



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बने हुए लगभग डेढ़ साल का समय बीच चका है। समय बीतने के लगभग डेढ़ साल के भीतर फिर एक बार पुलिस के वाहनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नए लोगो दिखाई देंगे। विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ से बीते दिनों कोई आदेश आया था, जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी कमिश्नरेट में पुलिस के वाहनों के लोगो के स्टाइल में बदलाव किए जाने के आदेश किए गए थे। अब कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब थाने वाली माइक मोबाइल से लेकर अन्य पुलिस वाहनों में गेट के दोनों और उत्तर प्रदेश पुलिस बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा और पीछे की साइड पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पट्टी लगेगी। सुनने में आ रहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस पर अधिक फोकस किया गया है और दोनों ही गेट पर हिंदी और इंग्लिस दोनों ही भाषाओं में उत्तर प्रदेश पुलिस लिखा जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि ऐसा आदेश मुख्यालय से जारी किया गया था, जिसका अनुपालन कमिश्नरेट में भी होना शुरू हो गया है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी कुछ थाना प्रभारियों और अधिकारियों की गाड़ी पर यह नया वाला लोगो लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में सभी आईपीएस अधिकारियों से लेकर सभी एसीपी और थाना प्रभारियों से लेकर पिंक बूथ के लिए लगाए गए वाहनों पर यह नए वाले लोगो नजर आएंगे। इसके साथ ही यातायात पुलिस और पीआरवी में भी इस बदलाव को किया जाएगा। दरअसल ऐसा करने के पीछे का मकसद है कि कमिश्नरेट पुलिस के वाहन अलग-अलग नजर आ जाएं और जलवा उत्तर प्रदेश पुलिस का ही बरकरार रहे। उधर चर्चा इस बात की हो रही है कि यह क्यों और किस वजह से अधिक जोर देकर किया जा रहा है। चर्चा है कि यह तो मुख्यालय वाले ही बता सकते हैं लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के कई थानों में यह नए लोगो वाला स्टीकर नजर आने लगा है। उधर जानकारी कि सिटी के एक थानाक्षेत्र में थाने की नए लोगो वाली गाड़ी घूम रही थी, जिसे देखकर कुछ लोगों को आश्चर्य हुआ कि यह कहां की गाड़ी है। उन्होंने इलाके वाली चौकी के एक सिपाही को फोन किया। सिपाही को भी पता नहीं था लेकिन जब थाने से पूरे मामले की जानकारी हुई तो मामला शांत हुआ। कुल मिलाकर अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वाहनों में लोगों जल्द ही बदल दिए जाएंगे और यह सब वाहन एक जैसे ही नजर आएंगे।

# प्राथमिक विद्यालय को उपहारस्वरूप दिया गया इनवर्टर हुआ चोरी

● पूर्व ग्राम प्रधान अरुणिमा त्यागी एवं वरुण कुमार त्यागी ने विद्यालय को पुनः उपहारस्वरूप दिया इनवर्टर

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शोभापुर में गांव बसंतपुर सेतली की पूर्व ग्राम प्रधान अरुणिमा त्यागी व वरुण त्यागी द्वारा विद्यालय को इनवर्टर भेंट किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीला गुप्ता ने बताया कि इससे पहले भी वह विद्यालय को अन्य उपकरण उपलब्ध करा चुके हैं। समय-समय पर वह विद्यालय आकर बच्चों को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले गत वर्ष प्राथमिक विद्यालय शोभापुर का इनवर्टर चोरी हो गया था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी लेकिन इनवर्टर नहीं मिला। जिस कारण बच्चों को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। छात्रों को शिक्षण कार्य करने में भी परेशानी होती थी। इस बात की सूचना प्रधानाध्यापिका द्वारा प्रधान प्रतिनिधि वरुण त्यागी को बताई गई। इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए बुधवार को पूर्व ग्राम प्रधान अरुणिमा त्यागी, वरुण कुमार त्यागी ने विद्यालय को इनवर्टर उपहारस्वरूप दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीला गुप्ता, समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय का समस्त परिवार एवं छात्र इस उपहार को पाकर अत्यंत प्रसन्न हैं।





# मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी



**लोनी (करंट क्राइम)।** ट्रॉनिका सिटी थाने के पाबीसादकपुर गांव निवासी शिवकुमार शर्मा का आरोप है कि उसके मोबाइल पर धमकी भरी कॉल आई। कॉलर ने अपने आपको शिवकुमार की पुत्रवधू का मामा बताते हुए गंदी गंदी गालियां दी, उसके बेटे को बर्बाद करने तथा गला काटकर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद उसका परिवार भयभीत है। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने किया पुलिस थाने का भ्रमण

### छात्राओं ने पूछे प्रश्न अधिकारियों ने दिए संतोषजनक उत्तर

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर की 24 छात्रा पुलिस थाना मुरादनगर का भ्रमण करने के लिए पहुंची ' जिसमें जिसमें कक्षा 11 की छात्राएं -आयुषी चौधरी , वंशिका ,मानवी ,सृष्टि, कृतिका त्यागी, हिमांशी ,शालू, नैना तथा कक्षा 10 की छात्राएं -आरुषि, गीत, जानवी,ईशिका, नेहा, लावण्या, पलक ,जागृति, प्रियांशी, खुशी अनुष्का महक खुशी पाठक, जोया, ऐशा आदि ने एस. एच.ओ. (थाना प्रभारी निरीक्षक) मुकेश सोलंकी तथा अन्य महिला पुलिस अधिकारियों से अनेक प्रश्न पूछे जिनका जवाब मुकेश सोलंकी तथा महिला पुलिस अधिकारियो ने बड़े संतोषजनक तरीके से दिए ' छात्राएं पुलिस विभाग से मिलकर बड़े भाव विभोर हुए , उन्होंने थाने में जप्त हुई गाड़ियों ,पुलिस भर्ती, साइबर क्राइम, पुलिस डिपार्टमेंट के अवकाश से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे जिनका उत्तर थाना इंचार्ज मुकेश सोलंकी ने बड़ी तसल्लीपूर्वक छात्राओं को समझकर , व्यवहारिक उदाहरण देकर संतुष्ट किया ' इस मौके पर अनेक पत्रकार, स्कूल छात्राएं, अध्यापक हरीश त्यागी, अध्यापिका मीनू चौधरी , अनेक सामाजिक सदस्य, पुलिस अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।





# 12 मई को मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

**मोदीनगर करंट क्राइम।** भगवान परशुराम जयंती शहर में 12 मई को मनाए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। गांव सीकरीकला स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रागण में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें तैयारियों पर मंथन किया गया। साथ ही बताया कि जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए शहरवासियों से अपील की गई। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा को लेकर तय किया गया है, कि सभी वार्ड में कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसमें शामिल लोग सभी को जागरूक करेंगे। साथ ही गांवो में जनसम्पर्क करने के लिये सोशल मीडिया व प्रचार प्रसार के जरिये जागरूक करने पर जोर दिया गया। यात्रा गांव सीकरीकला से शुरू होकर कपडा मिल के गंदे नाले के पुल के समीप स्थित परशुराम मंदिर तक निकलेगी। नगर के वार्ड एक से लेकर 34 वार्डो में समिति के पदाधिकारियों



ने दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर शोभायात्रा में शामिल होने की अपील करने की शुरूआत की। वहीं, रोजाना शाम को एक बैठक भी होगी, जिसमें तैयारियों पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में पप्पन शर्मा, एडवोकेट नीरज शर्मा, दीपक वत्स, बबलू कौशिक, जयप्रकाश शर्मा,डा देवराज शर्मा, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, प्रदीप शर्मा उर्फ कालू, राजकुमार शर्मा, सुनील कुमार, सुशील वशिष्ठ, सुधीर वशिष्ठ, ब्रहमपाल भारद्धाज, सुनील शर्मा कांग्रेसी, सुशील कुमार ब्रहमपुरी, विपिन वत्स सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से चैम्पियनशिप का आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में शुक्रवार से रविवार तक पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से चैम्पियनशिप का आयोजन जे.पी.एम. पब्लिक स्कूल में किया गया। इसका उद्घाटन एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, डासना गाजियाबाद के प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से.नि.) द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश के लगभग 35 जिलों से कुल 300 से ज्यादा (पुरुष और महिला) खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। चैम्पियनशिप के परिणाम के आधार पर पावरलिफ्टिंग टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिसमें एथलीट सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स श्रेणी में भाग लिया, जिन्हें विभिन्न आयु श्रेणियों में विभाजित किया गया है। यू.पी.एस.पी.ए. के सचिव अनुज तिवारी, गाजियाबाद पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से किरण दुबे और रूबेन श्रीवास्तव आयोजक रहे।



# विश्व धर्म संसद के आयोजन हेतु पहली आधिकारिक बैठक गाजियाबाद में सम्पन्न

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन शिवशक्ति धाम डासना में अन्य संस्थाओं के सहयोग से विश्व धर्म संसद का आयोजन करेगी। विश्व धर्म संसद का आयोजन 17,18,19,20 और 21 दिसंबर 2024 को शिवशक्ति धाम डासना में यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के द्वारा अन्य संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। विश्व धर्म संसद इसका रास्ता खोजने का कार्य करेगी। विश्व धर्म संसद के लिए चारो पीठो के जगद्गुरु शंकराचार्य को मार्गदर्शन के लिये निवेदन किया जा चुका है। अब हम देश के सभी पंथों,सम्प्रदाय और धार्मिक समूहों के धर्मगुरुओ से विश्व धर्म संसद का सहयोगी बनने का निवेदन करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए सुप्रसिद्ध विचारक तुफैल चतुर्वेदी ने कहा कि जिहाद की विभीषिका को न समझने के कारण ही



आज सम्पूर्ण मानवता विनाश की ओर तेजी से जा रही है। हम विश्व धर्म संसद के माध्यम से अपनी यह जिम्मेदारी पूरी करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए विनोद सर्वोदय ने कहा कि जो अमानवीयता गत वर्ष 7 अक्टूबर को हमास के जिहादियों ने निर्दोष यहूदियों के साथ दिखाई,वह उन्होंने हजारो बार हमारे साथ कि है। अब समय आ गया है कि हम हिन्दू दुनिया को दिखाए की हम अहिंसक हैं परंतु कायर या कमजोर नहीं।

बैठक में अक्षय त्यागी ने कहा कि यह एक दैवीय आयोजन होगा। हम इसको करने में कोई भी कसर नही छोड़ेंगे और इस आयोजन के बाद सम्पूर्ण विश्व का इस्लाम के जिहाद के बारे दृष्टिकोण बदल जायेगा। बैठक में अनिल यादव,बृजमोहन सिंह, नीरज त्यागी, संजय त्यागी, नरेंद्र त्यागी, मोहित बजरंगी तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे। तुफैल चतुर्वेदी विश्व धर्म संसद के मुख्य समन्वयक, डॉ उदिता त्यागी मुख्य संयोजक,अक्षय त्यागी आयोजन समिति के अध्यक्ष व शिवशक्ति धाम डासना के महंत उत्तराधिकारी राजेश यादव भोजन व सुरक्षा व्यवस्था प्रमुख होंगे।

# गाजा के राफा पर हमले को लेकर इस्राइल-अमेरिका में बढ़ी तल्खी

## बाइडन सरकार ने रोकी हथियारों की सप्लाई

**वाशिंगटन।** गाजा के राफा शहर पर हमले को लेकर इस्राइल और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी आ गई है। ये तल्खी इतनी बढ़ गई है कि अमेरिका ने इस्राइल को भेजे जाने वाली हथियारों की खेप रोक दी है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ये जानकारी दी। अमेरिका की बाइडन सरकार इस्राइल के राफा पर हमले को टालने की कोशिश कर रही है, जबकि इस्राइल ने राफा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है।



### इस्राइल ने शुरू किया राफा पर हमला

अमेरिका सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि हमने इस्राइल को भेजे जाने वाले उन हथियारों की समीक्षा करनी शुरू कर दी है, जिनका इस्तेमाल राफा में हो सकता है। इस समीक्षा के तहत हमने बीते हफ्ते इस्राइल को भेजे जाने वाले 1800-2000 एलबी बम समेत कई हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। हालांकि व्हाइट हाउस और पेंटागन ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोके जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं इस्राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि अगर हमास ने समझौते के तहत हमारे बंधकों को रिहा नहीं किया तो हम राफा पर और अधिक भयानक हमले करेंगे। इस्राइल ने हमास के साथ युद्धविराम के समझौते को भी ठुकरा दिया। इस्राइल ने सोमवार रात राफा पर हमला शुरू कर दिया है।

राफा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों के मारे जाने की आशंका

बीती 7 अक्तूबर को हमास ने जब इस्राइल पर हमला किया था, तो अमेरिका ने इस्राइल को समर्थन का एलान किया था। हालांकि राफा पर इस्राइल के हमले का अमेरिका द्वारा विरोध किया जा रहा है।

अमेरिका को डर है कि राफा पर इस्राइली हमले में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की जान जा सकती है और इस्राइल हमास युद्ध पूरे अरब क्षेत्र में फैल सकता है। इस्राइल के गाजा पर हमले में अब तक 34 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और इसके चलते गाजा में करीब 23 लाख लोग भुखमरी के मुहाने पर हैं।

गाजा से इस्राइली हमले से बचकर बड़ी संख्या में लोगों ने राफा में शरण ली हुई है। ऐसे में इस्राइल के राफा पर हमले को लेकर बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत की आशंका जताई जा रही है।

# भारत ने पूरा किया वादा, आतंकवाद से निपटने के लिए सीटीटीएफ में दिए पांच लाख डॉलर

**स.रा.।** वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है।




संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।

**भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार :** उन्होंने कहा, 'भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।'

**करीब दो साल पहले किया था वादा :** साल 2022 में अक्तूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

**आतंकवादियों की आवाजाही को रोकने का मकसद :** बयान में कहा गया है, भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम (सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा।इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है।

पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हो गया है।




# भारतीय शेफ ने बटन दबाकर बिल्डिंग को किया जगमग

**विशेष।** भूखमरी का मुद्दा उठाने वाले मिशेलिन स्टार शेफ विकास खन्ना ने एक एम्पायर बिल्डिंग हरे रंग की लाइट से प्रकाशमय किया। उन्होंने कहा कि आज मैंने दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित इमारत दि एंपायर स्टेट का जगमगाया है।

सिटी हार्वेस्ट, 1982 में स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन है। यह दुनिया का पहला खाद्य बचाव कार्यक्रम और न्यूयॉर्क शहर का सबसे बड़ा खाद्य बचाव संगठन भी है। मिशेलिन स्टार शेफ ने विकास खन्ना ने कहा कि सिटी हार्वेस्ट एक ऐसी संस्था है जिसका अलग मुकाम है। अपने काम के माध्यम से यह संस्था हर किसी को यह महसूस कराती है कि वे गैर नहीं है, अकेले नहीं हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे हम शहर में आगे बढ़ते हैं, शहर हमें अवसर देता है, हम किसी को पीछे नहीं छोड़ते हैं। खन्ना ने यह भी कहा कि हमारे लिए यह जरूरी है कि हम उन प्रतिष्ठित लोगों की राह पर चलें, जिन्होंने हमारे लिए रास्ते बनाए हैं। लगभग 25 वर्षों से न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले एक अप्रवासी विकास खन्ना ने कहा कि वह मेरी अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को रोशन करने के लिए सम्मानित और विशेषाधिकार प्राप्त हैं।

एम्पायर स्टेट बिल्डिंग में वर्ष भर के महत्वपूर्ण अवसरों, छुट्टियों और संगठनों को पहचानने के लिए अपनी रोशनी के रंग बदलने की परंपरा है।

संगठन ने अपनी वेबसाइट पर कहा, सिटी हार्वेस्ट पूरी तरह से अच्छा, पौष्टिक भोजन बचाता है जो अन्यथा बर्बाद हो जाता है। इससे भूख का सामना कर रहे न्यूयॉर्कवासियों को मुफ्त में वितरित किया जाता है। पिछले 40 वर्षों में, सिटी हार्वेस्ट ने पांच नगरों के पड़ोसियों के लिए एक अरब पाउंड से अधिक भोजन बचाया और वितरित किया है।

संगठन ने कहा, शहर भर में 400 से अधिक फूड पैंट्री और सूप रसोई के अपने नेटवर्क के साथ, सिटी हार्वेस्ट गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे लगभग 30 लाख न्यूयॉर्क वासियों को खाना खिलाने में मदद करता है। लगभग 12 लाख न्यूयॉर्कवासी अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यही नही शहर के पांच में से एक बच्चे को नहीं पता कि उनका अगला भोजन कहां से आएगा?

# भारत और सिंगापुर की नौसेना के बीच बढ़ेगा संचालन

**सिंगापुर।** भारतीय नौ सेना और सिंगापुर नौ सेना संचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए संयुक्त समुद्री अभ्यास करेंगी ताकि परिचालन को बेहतर समझा जा सके। ऐसा मंगलवार को चांगी नौसेना बेस पर आयोजित आईएनएस शक्ति पर फ्लैग आफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट रीड एडमिरल राजेश धनखड़ ने कहा।



कार्यक्रम में सिंगापुर के लगभग 150 लोग, राजनयिक मिशन के प्रमुखऔर भारतीय प्रवासी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर राजेश धनखड़ ने कहा कि भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं भारत-सिंगापुर के 31वें संस्करण को आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास इसी साल विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा।

सिंगापुर नौसेना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईएनएस का नेतृत्व कर रहे धनखड़ ने कहा कि हम एसआईएमबीईएक्स के 31वें संस्करण का आयोजन करेंगे। विशाखापत्तनम में इस वर्ष की चौथी तिमाही में आयोजित होगा। धनखड़ ने कहा कि हम अपनी परिचालन क्षमता और परिचालन को समझने और बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त, डॉ. शिल्पक अंबुले ने क्षेत्र में सिंगापुर में भारतीय नौसेना की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इसने एक बाहरी प्रक्षेपवक्र देखा है।

# इमरान खान की जेल में ही रहेंगी उनकी पत्नी बुशरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी को बुधवार को बड़ी कानूनी जीत मिली है। बुशरा बीवी ने उच्च न्यायालय में खुद को निजी जेल से अडियाला जेल में स्थानांतरण की याचिका दायर की थी। न्यायालय ने उनकी याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें अडियाला जेल में भेजने का आदेश जारी किए हैं।



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बाद उनकी पत्नी को दो मामले में दोषी पाया गया था। 49 वर्षीय बुशरा बीवी को इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक की हवेली बनिगाला में कैद किया गया था। इस्लामाबाद अदालत द्वारा तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें और इमरान खान को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। बुशरा बीबी को इस साल 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

बता दें कि बुशरा बीवी 'गैर-इस्लामिक' विवाह मामले में हिरासत में हैं। जबकि इमरान खान भी अन्य मामलों में जेल में बंद हैं। अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से, क्रिकेटर से नेता बने क्रिकेटर को सिफर (गुप्त राजनयिक संचार) मामले सहित कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

जब से बुशरा निजी हेवली बनिगाला में कैद थीं, जबकि इमरान खान रावलपिंडी में हाई सिक्योरिटी आदियाला जेल में रखे गए हैं। इस पर बुशरा बीवी ने अदियाला जेल में वापस भेजे जाने की मांग की थी। उन्होंने बनिगाला में रखने के फैसले के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर की थी।

# पूर्व पीएम इमरान खान को मिला अमेरिका का साथ

## पीटीआई नेताओं से मिले अमेरिकी राजनयिक

**इस्लामाबाद।** पीटीआई चीफ इमरान खान को अमेरिका का साथ मिला है। दरअसल अमेरिका ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान समेत देश के सभी कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में ये बात कही। उन्होंने अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम और पीटीआई नेता उमर अयूब खान सहित पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं के बीच एक बैठक की बात भी स्वीकार की।



**पीटीआई नेताओं से मिले अमेरिकी राजनयिक :** मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिकी राजदूत ने विपक्ष के नेता और पीटीआई के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ इस्लामाबाद को अमेरिकी आर्थिक समर्थन जारी रखने सहित द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'हमारा रुख पहले जैसा ही है कि हम पाकिस्तान में चुनाव पर कोई रुख नहीं अपनाते।' मिलर ने राजनीतिक दलों के प्रति निष्पक्षता बनाए रखते हुए बुनियादी मानवाधिकारों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया। मिलर ने कहा कि इमरान खान की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, लेकिन हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के हर कैदी की सुरक्षा होनी चाहिए। गौरतलब है कि इमरान खान ने अमेरिका पर ही उनकी सरकार गिराने का आरोप लगाया था। अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के चलते इमरान खान की सरकार गिर गई थी। पाकिस्तान के उच्च न्यायालय ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को राहत देते हुए उन्हें अडियाला जेल में स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी।

# अग्निवीर बनने के लिए क्यों तैयार नेपाली गोरखा, रूस से क्या कनेक्शन?

**विशेष।** भारतीय सेना में अग्निपथ योजना को लेकर नेपाल के गोरखा अब सकारात्मक रुख दिखाने लगे हैं। उन्हें लगता है कि रूस की भाड़े वाली फौज में भर्ती होकर मरने से ज्यादा बेहतर अग्निवीर बनना है। भारत ने जब अग्निपथ योजना लागू की, तो इसे लेकर नेपाल सरकार ने भी विरोध जताया था कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए बेकरार रहने वाले गोरखा युवा कहां जाएंगे। इसे लेकर डिप्लोमेटिक स्तर पर भी बातचीत हुई।



### विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठा ने जताई चिंता

नेपाली गोरखाओं के परिजनों की मांग थी कि रूसी सेना में काम कर रहे नेपालियों की सुरक्षित वापसी हो, घायलों के लिए मुआवजे और उनका इलाज कराया जाए। यूक्रेनी सेना द्वारा पकड़े गए पांच नेपाली युद्धबंदियों की सुरक्षित वापसी कराई जाए, युद्ध में मारे गए नेपाली गोरखाओं के शवों को वापस मंगाया जाए और रूस सरकार ने जो वादे किए थे, वह उन्हें पूरा करे। जिसके बाद नेपाली प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठा ने डिप्लोमेटिक चैनलों के माध्यम से इन चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। हालांकि नेपाल सरकार पहले भी ऐसा ही वादा कर चुकी है। नेपाली अधिकारियों ने माना है कि रूसी सेना में भर्ती नेपाली गोरखाओं के 200 से ज्यादा परिवार उनके संपर्क में हैं।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' पिछले साल जब भारत यात्रा पर आए थे, तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ये गोरखाओं की भर्ती को लेकर मुद्दा उठाया था, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला और नेपाल ने अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में गोरखा भेजने बंद कर दिए। अग्निपथ भर्ती योजना की वजह से नेपाल और भारत के बीच 200 साल के सैन्य संबंधों की विरासत खतरे में पड़ चुकी है। वहीं नेपाली गोरखा भर्ती के दूसरे रास्ते तलाश रहे हैं।

**रूस की सेना में 15 हजार से ज्यादा नेपाली गोरखा :** नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठा ने खुलासा किया है कि नेपाली गोरखा युवा रूस की सेना में भर्ती हो रहा है। यह संख्या तकरीबन 15 हजार से ज्यादा है, जिनमें से 19 गोरखा रूस-यूक्रेन वार में मारे जा चुके हैं। जबकि चार गोरखाओं ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद से मांगी है। हाल ही में यूक्रेन में रूसी सेना की ओर से युद्ध में हिस्सा ले रहे नेपाली गोरखाओं के परिजनों ने काठमांडू में 17 दिनों तक लगातार प्रदर्शन किया था। पांच मई को नेपाली सरकार ने भरोसा दिलाया कि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

परिजनों की मांग थी कि रूस की भाड़े की सेना में शामिल हुए गोरखा युवाओं को नेपाल सुरक्षित वापिस लाया जाए। उनका कहना था कि रूस अच्छे पैकेज का लालच देकर नेपाली गोरखाओं को अपनी सेना में भर्ती कर रहा है। लेकिन वहां जाने पर उन्हें सीधे मोर्चे पर भेज दिया जाता है और वहां वे यूक्रेनी सेना की गोलियों को शिकार हो रहे हैं। उनका कहना था कि रूस ने उनकी तरफ से लड़ने वाले जवानों को 167,020 रुपये प्रतिमाह सैलरी के साथ-साथ रूस की नागरिकता और तमाम दूसरी सुविधाएं देने का एलान किया था। लेकिन अब उनके साथ वादाखिलाफी हो रही है।

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच रक्षा सहयोग पर हुई बातचीत

**विशेष।** भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी ने सुरक्षा और रक्षा पर यूरोपीय बाहरी कार्रवाई सेवा के सुरक्षा और रक्षा नीति निदेशक जोआनके बालफोर्ट के साथ यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक सुरक्षा और रक्षा सहयोग के रास्ते पर चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच यूरोप में अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान यूक्रेन के खिलाफ रूस द्वारा किए जा रहे युद्ध के साथ-साथ दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व के हालातों पर चर्चा की।



रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, दोनों ने इंडो-पैसिफिक में अधिक सहयोग, भारत-ईयू के बीच बेहतर तालमेल के रास्ते और रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा की। यूरोपीय संघ ने यूरोपीय रक्षा औद्योगिक रणनीति (ईडीआईएस) सहित यूरोपीय संघ के रणनीतिक और इंडो-पैसिफिक रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ यूरोपीय संघ के नए संचालन, जैसे कि ईयूएनएवीफोर एस्पिड्स के कार्यान्वयन की जानकारी दी।

### नए क्षेत्रों का पता लगाने की आवश्यकता पर भी सहमति

इसके अलावा, उन्होंने साइबर, समुद्री सुरक्षा और संकट प्रबंधन जैसे द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों में जुड़ाव को गहरा करने पर भी चर्चा की। साथ ही इस पर सहमति जताई, एन्हांसिंग कोऑपरेशन इन एंड विद एशिया (ईएसआईडब्ल्यूए) द्वारा प्रस्तावित संभावनाओं का पूरा उपयोग करना शामिल है। वे अंतरिक्ष सुरक्षा सहित सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने की आवश्यकता पर भी सहमत हुए।

# एस्ट्राजेनेका ने कोरोना वैक्सीन दुनियाभर से वापस मंगाई, टीके की सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल

**लंदन।** दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है।

गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फामूर्ले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है।

भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है।




### भारत में भी कोविशील्ड को लेकर उठी चिंताएं

एस्ट्राजेनेका ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों से ही कोरोना वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला किया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट की तरफ से अभी तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत में भी कोविशील्ड को लेकर चिंता उठ रही है और इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है और वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सुनवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं हुई है।



रिपोर्ट के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

**कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे :** एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है।

आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ।

ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी (नगर) की बैठक सम्पन्न

## अपर जिलाधिकारी (नगर) गंभीर सिंह ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अपर जिलाधिकारी (नगर) के कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के समस्त अधिकारीगण तथा अभिषेक श्रीवास्तव ए.सी.पी. कमिश्नरेट गाजियाबाद उपस्थित रहे। बैठक में समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने को निर्देशित किया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरे प्रदेश में सबसे अधिक कोर्टकेस पर आर्थिक दण्ड के लिए बताया कि उसकी वसूली पर भी विशेष अभियान चलाया जाये।

### खाद्य तेल तथा दुग्ध से निर्मित खाद्य पदार्थों आदि में मिलावट की रोकथाम के निर्देश दिये

**(करंट क्राइम)।** ठेली, पटरी पर खाद्य पदार्थ बेचने वालों तथा रेस्टोरेंट, खोमचों आदि में पूरी/समोसा/भठूरे आदि खाद्य पदार्थों को बनाने में खाद्य तेल एवं गुणवत्ता तथा दुग्ध से निर्मित खाद्य पदार्थों यथा - मावा, पनीर, मिठाइयों तथा अन्य खाद्य पदार्थों आदि में मिलावट की रोकथाम के लिए दुग्ध/ मावा मंडियों तथा मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण करते हुए खाद्य सुरक्षा के प्रति सुरक्षात्मक जागरूक किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि एक अभियान चलाकर स्कूल एवं कॉलेज तथा अन्य स्थानों में स्थापित किचन /मैस / कैंटीन का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, शुद्ध पेय जल एवं खाद्य सुरक्षा के प्रति सुधारात्मक जागरूक करने के निर्देश दिये गये। मिड-डे मिल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित होने वाले खाद्यान्न बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा वितरित होने वाले पुष्टाहार की चैकिंग करते हुए खाद्य सुरक्षा के प्रति सुधारात्मक जागरूक करने का निर्देश दिये गये। न्याय निर्णयन अधिकारी न्यायालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रचलित वादों में दंडित अर्थदंड को समय से जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि स्ट्रीट फूड की गुणवत्ता हेतु 04 से 06 लोगों की एक चौपाल लगाते हुए लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाये।

# भाजपा नेता राजू पांचाल ने किया अपने बूथ पर जीत का दावा

## कहा मेरे बूथ पर हुआ है भाजपा के पक्ष में बम्पर मतदान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता राजू पांचाल लोकसभा चुनाव में लगातार एक्टिव रहे हैं। उन्होंने अपने बूथ पर भी मोर्चा संभाला और वो प्रचार के लिए भी कई स्थानों पर गये। भाजपा नेता राजू पांचाल ने ये दावा किया कि उनके बूथ पर भाजपा के पक्ष में बम्पर मतदान हुआ है। राजू पांचाल ने अपने बूथ का पूरा डाटा दिया और कहा कि उनका बूथ सदर विधानसभा के शहर मंडल में आता है। राजू पांचाल ने बताया कि उनका बूथ संख्या 331 है। राजू पांचाल ने अपने बूथ का डाटा देते हुए बताया कि उनके बूथ पर लगभग 57.30 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके यहां 1172 मतदाता रहते हैं और इस बूथ पर 682 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भाजपा नेता राजू पांचाल ने दावा किया कि यहां बड़ी संख्या में भाजपा के पक्ष में वोट डले हैं। राजू पांचाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियों के समर्थन में मतदान किया है। क्षेत्र की जनता ने भाजपा को वोट दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं ने अपने अपने बूथ पर कमल को मजबूत बनाने का काम किया है। भाजपा का हर कार्यकर्ता देवतुल्य कार्यकर्ता है। देश की जनता ने देश की सुरक्षा और देश के विकास के लिए वोट दिया है। राजू पांचाल ने दावा किया कि उनका बूथ सबसे मजबूत रहा है। वो अपने बूथ पर पूरी ताकत के साथ भाजपा के लिए काम करते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हैं और भाजपा की जीत के लिए दिन रात एक किया है।

# डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज ने सिकंदर यादव को किया सम्मानित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद द्वारा 1 मई को मजदूर दिवस के दिन वाल्मीकि पार्क में बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया था।

इसमें शहर के गणमान्य लोगों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों ने अपना विशेष योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। गुरुवार को डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद द्वारा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव को सम्मानित करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक अनिल मकवाना महानगर के अध्यक्ष मोहित सूद वाल्मीकि महानगर के कोषाध्यक्ष मोनू सूद, वीर वान वाल्मीकि, देवेंद्र वेद, अजय हितेषी, मुख्य संरक्षक उपस्थित रहे।

# विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत : पं. अशोक भारतीय



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पहले व दूसरे चरण के चुनाव की तुलना में मतदान में वृद्धि के लिए सभी सम्मानित मतदाताओं को मैं पंडित अशोक भारतीय राष्ट्रीय संयोजक विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा बधाई देते हुए धन्यवाद देता हूं। मतदाताओं ने गर्मी की परवाह न करते हुए मतदान में रुचि दिखाई तथा सभी से निवेदन करता हूं कि स्थिर सरकार के लिए शतप्रतिशत मतदान करें।

पंडित अशोक भारतीय राष्ट्रीय संयोजक विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा देश के सभी सम्मानित मतदाताओं से करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि गर्मी को छोड़िए। यह गर्मी लोकसभा चुनाव के 5 वर्ष बाद ही आएगी, फिर पछताने के लिए कुछ नहीं होगा। इसलिए गर्मी की परवाह न करते हुए मतदान के लिए समय निकालकर अवश्य निकलें तथा औरों को भी निकालें।

**राष्ट्र की दशा और दिशा दोनों तय करता है आपका बहुमूल्य वोट :** बाद में कहीं हम यह न कहते रह जाएं कि काश हम वोट डाल देते।

आपका अमूल्य वोट राष्ट्र की दशा और दिशा तय करेगा। ध्यान रहे मतदान अवश्य करेंगे तथा कराएंगे। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत जिसके चुनाव पर विश्व के नेताओं की नजर लगी है। कई देशों के प्रतिनिधि भारत की चुनाव प्रक्रिया पर दृष्टि लगाए हुए हैं। मैं सभी देशवासियों से शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने में सहयोग का निवेदन करता हूं। मैं पंडित अशोक भारतीय राष्ट्रीय संयोजक विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील करता हूं।

## ज्वाइनिंग





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कई मीडिया हाउस में लंबी पारी खेलने वाले वरिष्ठ पत्रकार मोहसिन खान ने अपनी नई पारी शुरू की है। मोहसिन खान अब दैनिक करंट क्राइम में डिजिटल टीम के साथ अपनी बेबाक शैली में राजनीति से लेकर अपराध की दुनिया की खबरों में धार देंगे। दैनिक करंट क्राइम के गोविंदपुरम मुख्यालय में मोहसिन खान ने समाचार संपादक दीपक भाटी के नेतृत्व में ज्वाइन किया है। इस दौरान साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह व वरिष्ठ संवददाता गौरब शशि नारायण भी उपस्थित रहे। वहीं मोहसिन खान को नोएडा के सेक्टर-63 स्थित करंट क्राइम के डिजिटल कार्यालय में संपादक मनोज गुप्ता, डिजिटल टीम के हेड दीपक जोशी और दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने विधिवत रूप से दैनिक करंट क्राइम ग्रुप में जॉइनिंग कराई।

# श्रीरामकथा के समापन में श्रद्धालुओ ने लगाए जयकारे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चंद्रनगर में चल रही श्री रामकथा का बुधवार को समापन हो गया। गोडेश्वर मुकुन्द महाराज ने कथा में सुनाया की प्रभु राम हमारे आचरण और हमारे उत्तम विचार में अवश्य विराजमान होने चाहिए। यही उनकी सबसे बड़ी भक्ति है। उन्होंने आदर्श राजा, उत्कृष्ट भाई, श्रेष्ठ पुत्र, महान मित्र की भूमिका एक साथ निभाई तथा एक मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के नाम मात्र से रावण जैसे अत्याचारी का अंत हो जाता है और अंदर के सारे क्लेश पाप और कुविचार समाप्त हो जाते हैं। मन के रावण का अंत करें, स्वतः प्रभु राम की भक्ति मिल जाएगी। अन्याय पर न्याय की जीत के लिए प्रभु श्री राम ने विकट समुद्र को पार कर यह साबित कर दिया कि अन्याय और अत्याचार का हर समय विरोध करना ही मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर विशंभर श्रीवास्तव, रीता सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, हरिमोहन भटनागर, के एन अग्रवाल, पीएम पांडे रजनी, गोविंद नयन बाला, दीपा श्रीवास्तव, मीनू खनेजा, पूनम शर्मा, अनिल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण बंसल आदि लोग शामिल हुए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के चार महान मंत्रियों की लगी है हरदोई में ड्यूटी? सुना है इनमें से तीन महान मंत्री एक ही होटल में रह रहे हैं साथ? चौथे महान मंत्री ने किया हुआ है कोई दूसरा होटल बुक? हमें समझ नहीं आ रहा है ये दूरियों को एहसास? इस एहसास पर तोड़ी एक महान मंत्री ने चुप्पी? कहा हमारी नहीं है चौथे महान मंत्री से कुट्टी? हमारे दिल में है उनके लेकर जज्बात एकदम कूल? क्या करें जब वो लेट ही इतना आये, तब तक हमारा होटल हो गया था फुल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अंदर से पता चली है एक बात? साहब के बर्थडे पर जनप्रतिनिधि बिल्कुल भी नहीं जायेंगे, ऐसा कुछ हुआ है प्रस्ताव पास? अब रह गई है यहां पर दूर से बर्थडे विश करने वाली योजना? इस पर भी जारी है जनप्रतिनिधियों का सोचना? वो बना रहे हैं इस बारे में भी राय, कि दूर से हैप्पी बर्थडे टू यू किया जाये या ना किया जाये? अब कल का दिन ही शेष रह गया है, नहीं ज्यादा भेद रह गया है? जो भी होगा वो सब आ जायेगा बाहर? याद रखें साहब का जन्मदिन है तारीख 10 और दिन शुक्रवार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विपक्षी खेमे में साहब के बर्थडे को लेकर चल रही है तरह-तरह की चर्चाएं? कहने वाले कह रहे हैं कि इस घटना को सामान्य तौर पर ना लिया जाये? इस आयोजन के पीछे है कोई गहरा आर्कषण? सच बतायें हमें तो इसमें नजर आ रहा है शक्ति प्रदर्शन? हमें तो इंतजार है इस बात का कौन-कौन चेहरे देंगे इस दिन मौके पर पहुंच कर अपने दर्शन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम भी चाहते हैं कि खत्म हो अब दूरियों की वॉर? हम भी कर रहे हैं बड़े वाले बर्थडे का इंतजार? हम चाहते हैं कोई हमें दे दे दिल से निमंत्रण? मगर जिसने भेजा है हमको निमंत्रण वो नहीं है हमको स्वीकार? कहने वाले ने कहा ये बात मैं एक जनप्रतिनिधि के खेमे से सुन रहा था? वो कह रहे थे कि अगर जनप्रतिनिधि के पास डॉयरेक्ट आ गया निमंत्रण तो जरूर देंगे वहां पर अपने दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसलिए होती है कमांडर के दोस्त पहलवान की सक्रिय कार्यकताओं में गिनती? जब भी मिलती है दूर चुनाव में जाने की ड्यूटी? वो ड्यूटी कटवाने को लेकर नहीं करते हैं विनती? हमने देखा चार महान मंत्रियों में से सबसे ज्यादा वो ही दे रहे हैं हरदोई में टाईम? पिछले सात दिनों से वो यहां पर मौजूद हैं? इसके बाद लगाई है बाकी महान मंत्रियों ने आने की लाईन? इसलिए तो भगवागढ़ की राजनीति में भगवा पहलवान का किरदार माना जाता है जोरदार? जो छोड़ दे पार्टी के लिए इतने दिनों तक अपना घर? ऐसे चेहरे पर तो करना ही चाहिए पार्टी नेतृत्व को विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों लगाई हुई है आपने जटवाड़ा वाले बड़े चौधरी भैया से उनके बूथ की विजय जानने वाली हठ? थोड़ा सा तो इस मामले में आप जाओ पीछे हट? टटोलो राजनगर वाले पूर्व एमएलसी साहब के भी अरमान? पूछो उनसे भी क्या डॉली दीदी उनके क्षेत्र से जीत रही है या नहीं है भाजपा के सामने मामला आसान? अगर पूर्व एमएलसी प्रकट देंगे अपनी राय? सच बता रहा हूं जटवाड़ा वाले चौधरी साहब भी फिर बूथ से जीत का आंकड़ा मुस्कुराते हुए देंगे दिखाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किसी ने कितना ही कर लिया हो पूर्व महिला वाली मोर्चा कमांडर को डिएक्टिव? कितने ही डाल दिये हों उनकी राजनीति में व्यवधान? आप देख लेना जिस दिन होगा साहब का बर्थडे सैलीब्रेट? उस दिन बिना कोई शक के भगवा दीदी रहेंगी कार्यक्रम में पूरी शिद्दत से विराजमान? देंगी सामने वालों को अपनी सक्रियता का माकूल जवाब? कहेंगी भले ही आप कितना ही इग्नोर करो हमारे साथ हैं साहब? वैसे भी हम यहां पर एक बात और कहना चाहते हैं साफ और सीधी? क्या आयोजन में आयेंगी उदिता दीदी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के कई बड़े चेहरे बार-बार गर्ग साहब के पास जाकर करा रहे हैं उनको ब्राह्मण वाली पोलिंग का एहसास? कह रहे हैं कि देहात में भले ही डॉली दीदी आगे रही हों? मगर शहरी ब्राह्मणों ने दिया है आप का ही साथ? कहने वाले ने कहा कि भगवागढ़ के इन चेहरों को आज नहीं लगाना पड़ा इतना हिसाब? अगर उन्होंने करा ली होती दीदी की बिरादरी वाले एक पूर्व विधायक की समय से ज्वाईनिंग? तो नहीं लगाना पड़ता ये हिसाब-किताब? अपनी पार्टी के कुछ ब्राह्मण चेहरों ने अपने व्यक्तिगत लाभ के चलते पूर्व विधायक की ज्वाईनिंग को रोककर बिगाड़ा है काफी हद तक, गर्ग साहब को मिलने वाले ब्राह्मण वोटों का हिसाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के दो पार्षदों के दिमाग में छा गया है साया? दोनों एक सोसाइटी को अपने-अपने वार्ड का बता रहे हैं? हमे समझ ही नहीं आ रही है इन दोनों की माया? दीदी जैन कर रही है इस सोसाइटी के अपने वार्ड में होने का क्लेम? सिंह पार्षद कह रहे हैं ये सोसाइटी 100 नंबर का हिस्सा है, झूटा है सामने वालों का क्लेम? अब इस यक्ष प्रश्न को कौन भेदेगा, जब तक जवाब नहीं मिलेगा तब तक रहेगा हमारा दिल बेचैन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं 2 क्वींटल कलाकंद का किस्सा? कैसे ये हार वाली कलाकंद बनी थी किसी की जीत का हिस्सा? सुना है राधेश्याम में विश्वास रखने वाले एक मैम्बर ने अपनी जीत की संभावना को लेकर 2 क्वींटल कलाकंद थी बनवाई? मगर जब रिजल्ट आया तब इनकी सारी मेहनत रह गई बेकार? सुना है इनकी भतीजी जब जीती थी दूसरे वार्ड से निर्दलीय चुनाव? तब अपनी हारी हुई कलाकंद इन्होंने जीत वाले एरिया में कुछ इस तरह से बंटवाई थी यार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद जय भगवान अग्रवाल के जन्मदिन पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उनके घर पर उन्हे बधाई शुभकामनाए देने पहुंचे। जन्मदिन की बधाई देने वालों में मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, वार्ड अध्यक्ष लवली, वार्ड सचिव सुमित, मंडल मंत्री संदीप सयाल, आदित्य वर्धन, मुकेश अग्रवाल भी शामिल रहे।